राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शनिवार, 30 मई, 2020 / 9 ज्येष्ठ, 1942

हिमाचल प्रदेश सरकार

विधि विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 29 मई, 2020

संख्याः एल0एल0आर0–डी0(6)–5 / 2020–लेज.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 28–05–2020 को अनुमोदित हिमाचल प्रदेश कृषि उपज विपणन (संवर्धन और सरलीकरण) अध्यादेश, 2020 (2020 का अध्यादेश संख्यांक 2)

को संविधान के अनुच्छेद 348 (3) के अधीन उसके अंग्रेजी प्राधिकृत पाठ सहित हिमाचल प्रदेश ई–राजपत्र में प्रकाशित करते हैं।

आदेश द्वारा,
यशवंत सिंह चोगल,
प्रधान सचिव (विधि)।

————————

2020 का हिमाचल प्रदेश अध्यादेश संख्यांक 2

हिमाचल प्रदेश कृषि उपज विपणन (संवर्धन और सरलीकरण) अध्यादेश, 2020

भारत गणराज्य के इकहत्तरवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित।

संपूर्ण राज्य में कृषि उपज का भौगोलिक निर्बन्धन–मुक्त व्यापार संव्यवहार करने; कृषकों को अपनी उपज को हर समय और हर स्थान पर विक्रय हेतु स्वतंत्रता प्रदान करने, इलेक्ट्रोनिक और प्रौद्योगिकी के अन्य अभिनव रूप अपनाने के माध्यम से व्यापार संचालनों और मूल्य निर्धारण क्रियाविधि में पारदर्शिता में अभिवृद्धि करने, प्रतियोगी विपणन, कृषि प्रसंस्करण और कृषि निर्यात हेतु बहुविध प्रणालियों की अनिवार्यता को बढ़ावा देने; हिमाचल प्रदेश राज्य में मण्डियों और विपणन अवसंरचना के विकास में विनिधानों को प्रोत्साहित करने; तथा जहां उसके लिए सुविधाजनक विनियम, वृत्तिक प्रबन्धन और अनुकूल नीतिगत ढांचा स्थापित करना समीचीन है, के लिए और उससे सम्बन्धित प्रयोजनों तथा उसके लिए प्रक्रियाएं और प्रणालियां अधिकथित करने का उपबन्ध करने के लिए **अध्यादेश।**

क्योंकि हिमाचल प्रदेश विधान सभा सत्र में नहीं है और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल का समाधान हो गया है कि ऐसी परिस्थितियां विद्यमान हैं जिनके कारण उनके लिए तुरन्त कार्रवाई करना आवश्यक हो गया है,

अतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित अध्यादेश प्रख्यापित करते हैं :––

अध्याय–1

प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**––(1) इस अध्यादेश का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश कृषि उपज विपणन (संवर्धन और सरलीकरण) अध्यादेश, 2020 है।

(2) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा, जो राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा, राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में नियत करे।

2. **परिभाषाएं.**––इस अध्यादेश में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) "कृषि उपज" से, इस अध्यादेश की अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट या इस अध्यादेश की धारा 3 के अधीन सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा घोषित कृषि, उद्यान कृषि, मधुमक्खी पालन, रेशम पालन, पशुधन और पशुधन उत्पाद, ऊन (कच्ची ऊन) तथा पशुओं की खालें, वन उपज और मत्स्यपालन के समस्त उत्पाद और वस्तुएं, चाहे प्रसंस्कृत हों या अप्रसंस्कृत हों, अभिप्रेत हैं तथा इसके अन्तर्गत दो या दो से अधिक ऐसे उत्पादों का मिश्रण भी है;

(ख) "कृषक" से, ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो हिमाचल का स्थायी निवासी है और जो हिमाचल प्रदेश में कृषि भूमि का स्वामित्व और कब्जा रखता है तथा जो या तो स्वयं या भाड़े के श्रमिकों द्वारा या अन्यथा कृषि उपज के उत्पादन में लगा हुआ है, किन्तु इसके अन्तर्गत कोई मण्डी कृत्यकारी नहीं है;

(ग) "एकत्रीकरण केन्द्र" से, इस अधिनियम की धारा 11 के अधीन उप–मण्डी प्रांगण के रूप में घोषित एकत्रीकरण केन्द्र अभिप्रेत है;

(घ) "पारखी प्रयोगशाला" से, स्थापित ऐसी प्रयोगशाला अभिप्रेत है, जैसी विपणन और निरीक्षण निदेशालय, भारत सरकार द्वारा या, यथास्थिति, भारत सरकार या राज्य सरकारों द्वारा इस प्रकार घोषित किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमों या उप–विधियों या दिशानिर्देशों या अनुदेशों में विहित की जाए;

(ङ) "बोर्ड" से, राज्य सरकार द्वारा धारा 67 के अधीन स्थापित हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड अभिप्रेत है;

(च) ''कारबार'' से क्रय, विक्रय, प्रसंस्करण, मूल्य परिवर्धन, भण्डारकरण, परिवहन और कृषि उपज से सम्बन्धित क्रियाकलाप अभिप्रेत है;

(छ) "क्रेता" से, ऐसा व्यक्ति, फर्म, कम्पनी या सहकारी सोसाइटी या सरकारी अभिकरण, लोक उपक्रम / लोक अभिकरण या निगम, कमीशन अभिकर्ता अभिप्रेत है, जो या तो स्वयं या किसी अन्य व्यक्ति या अभिकर्ता की ओर से अधिसूचित मण्डी क्षेत्र में कृषि उपज का क्रय करता है या क्रय करने का करार करता है;

(ज) इस अध्यादेश के उपबन्धों या राज्य सरकार द्वारा तद्धीन बनाए गए किन्हीं नियमों के अध्यधीन "उप–विधियों" से, बोर्ड द्वारा धारा 107 के अधीन बनाई गई उप–विधियाँ अभिप्रेत हैं;

(झ) "शीतागार" से, धारा 11 के अधीन उप मण्डी–प्रांगण के रूप में कार्य करने हेतु घोषित शीतागार अभिप्रेत है;

(ञ) "वायु–मण्डलीय शीतागार" से, धारा 11 के अधीन उप–मण्डी प्रांगण के रूप में कार्य करने हेतु यथाघोषित वायु–मण्डलीय शीतागार अभिप्रेत है;

(ट) "संग्रहण केन्द्र" से, धारा 11 के अधीन उप–मण्डी प्रांगण के रूप में कार्य करने हेतु घोषित संग्रहण केन्द्र अभिप्रेत है;

(ठ) "कमीशन अभिकर्ता" से, ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो अपने मुखिया की ओर से कृषि उपज का क्रय या विक्रय करता है या संव्यवहार के प्राथमिक या अन्य स्तर पर, ई–प्लेटफार्म पर या संव्यवहार की किसी अन्य रीति से क्रय करने और विक्रय करने को और उनसे आनुषंगिक क्रियाकलापों को सुकर बनाता है, इसे अपनी अभिरक्षा में रखता है तथा इसके विक्रय या क्रय की प्रक्रिया के दौरान इसे नियन्त्रित करता है और यदि अपेक्षित हो तो क्रेता से उसका संदाय संगृहीत करता है तथा उसे विक्रेता को संदत्त करता है और ऐसे संव्यवहार में अतंर्वलित रकम पर कमीशन या प्रतिशतता के रूप में पारिश्रमिक प्राप्त करता है;

(ड) "चिन्हित मण्डी क्षेत्र" से, मण्डी समिति के सदस्यों की, यथास्थिति, नियुक्ति या नामनिर्देशन या निर्वाचन और उसमें विपणन से सम्बन्धित विकास करवाने के प्रयोजन के लिए धारा 5 के अधीन अधिसूचित भौगोलिक क्षेत्र अभिप्रेत है;

(ढ) "निदेशक" से, राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबन्ध निदेशक के सिवाय, राज्य सरकार द्वारा इस अध्यादेश की धारा 84 के अधीन नियुक्त निदेशक, कृषि विपणन या कोई अन्य अधिकारी अभिप्रेत है;

(ण) कृषि उपज के सम्बन्ध में "प्रत्यक्ष विपणन" से, धारा 12 के अधीन मण्डी प्रांगण, प्राइवेट–मण्डी प्रांगण से बाहर प्रसंस्करणकर्ताओं, निर्यातकों, थोक क्रेताओं आदि द्वारा किसानों से कृषि उपज का प्रत्यक्ष थोक क्रय अभिप्रेत है;

(त) "ई–ट्रेडिंग" से, कृषि उपज का ऐसा व्यापार (ट्रेडिंग) अभिप्रेत है, जिसमें रजिस्ट्रीकरण करना, नीलामी करना, बिल बनाना, बुकिंग करना, संविदा करना, वार्ता करना, सूचना का आदान–प्रदान करना, अभिलेख रखना तथा अन्य संबंधित क्रियाकलाप, जो कम्प्यूटर नेटवर्क / इंटरनेट पर इलैक्ट्रॉनिकली किए जाते हैं;

(थ) "ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म" से, सरकार या इसके अभिकरणों द्वारा या धारा 40 के अधीन अनुज्ञप्त किसी व्यक्ति द्वारा कृषि उपज का इलैक्ट्रॉनिक मीडिया या संचार के किसी अन्य साधन, जिसमें रजिस्ट्रीकरण, क्रय और विक्रय, बिल बनाना, बुकिंग करना, संविदा करने और वार्ता करने, जो कम्प्यूटर नेटवर्क या इंटरनेट अथवा किसी अन्य ऐसे इलैक्ट्रॉनिक डिवाइस से किया जाता है, के माध्यम से व्यापार को चलाने हेतु स्थापित इलैक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म अभिप्रेत है;

(द) "निर्यात" से, कृषि उपज को भारत से बाहर भेजना अभिप्रेत है;

(ध) "निर्यातक" से, ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो कृषि उपज का निर्यात करता है;

(न) "किसान–उपभोक्ता मण्डी प्रांगण" से, धारा 10 के अधीन स्थापित मण्डी प्रांगण अभिप्रेत है;

(प) "किसान–उत्पादक कम्पनी (एफपीसी)" से, भारतीय कम्पनी अधिनियम, 2013 के अधीन यथा रजिस्ट्रीकृत किसान–उत्पादक सदस्यों की कम्पनी अभिप्रेत है;

(फ) "कृषक सहकारिता और कृषक उत्पादक संगठन (एफ पी ओ)" से, इस अध्यादेश के प्रयोजन के लिए किसी प्रवृत्त विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत मूल उत्पादकों द्वारा बनाई गई कोई इकाई अभिप्रेत है;

(ब) "सरकार या राज्य सरकार" से, हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है;

(भ) "सरकारी अभिकरण" से, इस अध्यादेश के अधीन स्थापित या गठित हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, कृषि विपणन और कृषि उपज मण्डी समिति निदेशालय (ए पी एम सी) अभिप्रेत है;

(म) "आयात" से, भारत के बाहर से कृषि उपज लाना अभिप्रेत है;

(य) "आयातक" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो भारत के बाहर से कृषि उपज का आयात करता है;

(यक) "अनुज्ञप्ति" से, इस अध्यादेश के प्रयोजनों के लिए प्रदान की गई अनुज्ञप्ति अभिप्रेत है;

(यख) "अनुज्ञप्तिधारी" से, इस अध्यादेश के अधीन जारी अनुज्ञप्ति रखने वाला कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

(यग) "पशुधन" से, गाय, भैंस, भैंसा, बैल, बकरी और भेड़ अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट मुर्गी, मछली और ऐसे अन्य पशु तथा इनके उत्पाद भी हैं;

(यघ) "स्थानीय प्राधिकरण" से, हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 के अधीन गठित नगर निगम या हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 के अधीन गठित नगरपालिका

परिषद् या नगर पंचायत या हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अधीन गठित कोई पंचायत या इस अध्यादेश के प्रयोजन के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित छावनी बोर्ड या कोई अन्य प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(यङ) "प्रबन्ध निदेशक" से, धारा 79 के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड का प्रबन्ध निदेशक अभिप्रेत है;

(यच) "मण्डी समिति" से, इस अध्यादेश के उपबन्धों के अधीन स्थापित कृषि उपज मण्डी समिति अभिप्रेत है;

(यछ) कृषि उपज के सम्बन्ध में "विपणन" से, फसल कटाई की अवस्था से प्रारम्भ होकर अन्त में वास्तविक उपभोक्ताओं तक पहुंचने तक, उत्पादन स्थलों से कृषि उपज के प्रचुर मात्रा में पहुंचने तक अन्तर्वलित समस्त क्रियाकलाप अर्थात् श्रेणीकरण, प्रसंस्करण, भण्डारकरण, परिवहन, वितरण प्रणाली और अन्य समस्त कार्य, जो प्रसंस्करण में अन्तर्वलित हैं, अभिप्रेत हैं;

(यज) चिह्नित मण्डी क्षेत्र के सम्बन्ध में "मण्डी प्रांगण" के अन्तर्गत सरकार द्वारा अधिसूचित और कृषि उपज मण्डी समिति द्वारा प्रबन्धित और संचालित चिह्नित मण्डी क्षेत्र में मुख्य मण्डी प्रांगण और उप–मण्डी प्रांगण भी हैं;

(यझ) मण्डी कृत्यकारी" से, कोई व्यापारी, कमीशन अभिकर्ता, क्रेता, हैमल, प्रक्रमक, स्टॉकिस्ट और कोई अन्य व्यक्ति, जिसे राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा मण्डी कृत्यकारी के रूप में घोषित किया जाए, अभिप्रेत है;

(यञ) "राष्ट्रीय कृषि मण्डी (एनएएम)" से, तत्समय प्रवृत्त किसी विधि पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना एक ऐसी एकीकृत मण्डी अभिप्रेत है जहां कृषि उपज का क्रय और विक्रय तथा उसके आनुषंगिक क्रियाकलापों को भारत में ही क्रियान्वित किया जाता है;

(यट) व्यापारी के सम्बन्ध में "अत्यधिक व्यापार" से, ऐसी रकम अभिप्रेत है जो जमा की गई प्रतिभूति की रकम या मण्डी समिति को उसके द्वारा प्रस्तुत की गई बैंक गारन्टी के संबंध में किसी भी समय पर खरीदे गए कृषि उपज मूल्य से अधिक है;

(यठ) "व्यक्ति" के अन्तर्गत कोई व्यष्टि, सहकारी समिति, हिन्दू अविभाजित कुटुम्ब, कम्पनी या फर्म या संसाधक या संगम या व्यष्टियों का निकाय, चाहे निगमित हो या नहीं, भी है;

(यड) कृषि उपज के संबंध में "लघु व्यापारी" से, ऐसा गैर–अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी अभिप्रेत है, जो कृषि उपज की खरीद और विक्रय ऐसी मात्रा, जैसी विहित की जाए, से अनधिक मात्रा में कार्यान्वित करता है;

(यढ) "स्थान" के अंतर्गत कोई भाण्डागार, बुखारी (साइलोज), पैकहाउस / सफाई, श्रेणीकरण, पैकिंग और प्रसंस्करण इकाई आदि सहित कोई संरचना, अहाता, खुला स्थान, परिक्षेत्र, गली भी सम्मिलित है;

(यण) "विहित" से, इस अध्यादेश के अधीन बनाए गए नियमों, विनियमों और उप–विधियों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(यत) "मुख्य–मण्डी प्रांगण" से, राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना के माध्यम से चिह्नित मण्डी क्षेत्र में मुख्य–मण्डी प्रांगण के रूप में घोषित कोई अहाता, भवन या परिक्षेत्र अभिप्रेत है;

(यथ) "प्राइवेट–मण्डी प्रांगण" से, धारा 7 के अधीन अधिसूचित मण्डी प्रांगण अभिप्रेत है;

(यद) कृषि उपज के संबंध में "संसाधक" से, ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो स्वयं अपनी इच्छा से या प्रभार के संदाय पर किसी कृषि उपज के प्रसंस्करण का जिम्मा लेता है;

(यध) "प्रसंस्करण इकाई" से, ऐसा स्थान अभिप्रेत है जहां अधकचरी कृषि उपज या इसके उत्पाद के किसी एक या एक से अधिक उपचारों की श्रृंखला, जैसे कि सफाई, सिकाई, पाउडर बनाने, पीसने, छीलने, भूसी निकालने, उससने, पॉलिश करने, ओटाई, पेरने (दबाने), तराई या कोई अन्य शारीरिक, यांत्रिक, रासायनिक या भौतिक उपचार किया जाता है;

(यन) "रजिस्ट्रीकरण" से, इस अध्यादेश के अधीन किया गया रजिस्ट्रीकरण अभिप्रेत है;

(यप) "विनियम" से, धारा 106 के अधीन बोर्ड द्वारा बनाए गए विनियम अभिप्रेत हैं;

(यफ) कृषि उपज के संबंध में "परचून बिक्री" से, ऐसी मात्रा,जो इस अध्यादेश और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट की जाए; से अनधिक बिक्री अभिप्रेत है;

(यब) "परिक्रामी विपणन विकास निधि" से, धारा 86 के अधीन निदेशक द्वारा अनुरक्षित अव्यपगत निधि अभिप्रेत है;

(यभ) "नियम" से, इस अध्यादेश के अधीन बनाए गए नियम अभिप्रेत हैं;

(यम) "अनुसूची" से, इस अध्यादेष से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(यय) "धारा" से, इस अध्यादेश की धारा अभिप्रेत है;

(यकक) "विक्रेता" से, ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो मूल्य के प्रतिफल के लिए कृषि उपज का विक्रय करता है या विक्रय करने का करार करता है;

(यकख) "बुखारी (साइलो)" से, धारा 11 के अधीन उप मण्डी प्रांगण के रूप में घोषित बुखारी (साइलो) अभिप्रेत है;

(यकग) "विशेष वस्तु मण्डी प्रांगण" से, धारा 8 के अधीन यथा अधिसूचित मण्डी प्रांगण अभिप्रेत है;

(यकघ) "राज्य" से, हिमाचल प्रदेश राज्य अभिप्रेत है;

(यकङ) "उप–मण्डी प्रांगण" से, धारा 11 के अधीन उप–मण्डी प्रांगण के रूप में घोषित भाण्डागार, साइलो, शीतागार, एकत्रीकरण केंद्र, संग्रहण केन्द्र, शीत वातानुकुलित भण्डार या ऐसी अन्य अवसंरचना या स्थान अभिप्रेत है;

(यकच) "व्यापारी" से, ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो या स्वयं के लिए या एक या एक से अधिक व्यक्तियों के अभिकर्ता के रूप में घरेलू उपयोग के प्रयोजनार्थ के सिवाय, यथास्थिति, विक्रय, प्रसंस्करण, विनिर्माण के प्रयोजनार्थ या किसी अन्य प्रयोजन के लिए कृषि उपज का क्रय करता है;

(यकछ) "वर्ष" से, वित्तीय वर्ष अभिप्रेत है;

(यकज) "भाण्डागार" से, कोई ऐसा भवन, अवसंरचना या अन्य अभिरक्षित अहाता अभिप्रेत है जो धारा 11 के अधीन उप–मण्डी प्रांगण के रूप में घोषित कृषि उपज के भण्डारण के प्रयोजन के लिए उपयोग में लाया जाता है या लाया जा सकता है; और

(यकझ) "थोक तदर्थ क्रेता" से, इस अध्यादेश की धारा 59 के अधीन रजिस्ट्रीकृत क्रेता अभिप्रेत है।

अध्याय–2

मण्डियों की स्थापना

3. विनिर्दिष्ट कृषि उपज के विपणन को विनियमित करने के आशय की अधिसूचना.––(1) सरकार स्वप्रेरणा से या उत्पादकों द्वारा किए गए अभ्यावेदन पर अथवा बोर्ड या निदेशक की सिफारिश पर राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में अधिसूचना द्वारा पूर्ववर्ती प्रकाशन की शर्त के अध्यधीन, राज्य में ऐसी कृषि उपज के विपणन को विनियमित करने के अपने आशय की घोषणा कर सकेगी, जैसी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए।

(2) सरकार, पंचायती राज संस्थानों (पीआरआईज) और अन्य पणधारियों, जो अपनी अधिकारिता क्षेत्र के भीतर कृषि उपज के विपणन के लिए ग्रामीण कालिक मण्डियों या हाटों या ऐसी किन्हीं अन्य मण्डियों का स्वामित्व रखते हैं या संचालित करते हैं, के साथ इस अधिनियम के विनियम के अधीन ऐसी मण्डियों को लाए जाने हेतु परामर्श कर सकेगी ताकि इन मण्डियों को फॉर्म गेट के निकटतम विपणन प्लेटफार्म के रूप में दक्षतापूर्ण कार्य करने हेतु इन मण्डियों को विकसित किया जा सके।

4. संपूर्ण राज्य की एक एकीकृत मण्डी क्षेत्र के रूप में घोषणा.––धारा 3 के अधीन और पूर्ववर्ती प्रकाशन के पश्चात् की गई अधिसूचना के अध्यधीन, सरकार अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम की धारा 3 के अधीन जारी की गई अधिसूचना में विनिर्दिष्ट कृषि उपज के समस्त या किसी प्रकार के विपणन को विनियमित करने के प्रयोजन के लिए सम्पूर्ण राज्य को धारा 3 के अधीन जारी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट एक एकीकृत मण्डी क्षेत्र के रूप में घोषित कर सकेगी।

स्पष्टीकरण.––इस प्रकार घोषित क्षेत्र सम्पूर्ण राज्य के लिए अधिसूचित कृषि उपज के विपणन को विनियमित करने हेतु एकल एकीकृत मण्डी क्षेत्र होगा।

5. चिह्नित मण्डी क्षेत्र की अधिसूचना.––धारा 3 और 4 के उपबन्धों के अध्यधीन, सरकार, अधिसूचना द्वारा, किसी मण्डी समिति के लिए भौगोलिक क्षेत्र को ऐसी मण्डी समिति के सदस्यों के नामनिर्देशन या नियुक्ति या निर्वाचन के प्रयोजन और उसमें विकासात्मक क्रियाकलापों का जिम्मा लेने के प्रयोजन के लिए, चिह्नित मण्डी क्षेत्र के रूप में चिह्नित कर सकेगी।

6. चिह्नित मण्डी क्षेत्र का परिवर्तन, समामेलन.––धारा 3 और धारा 5 में विनिर्दिष्ट उपबन्धों के अध्यधीन, सरकार किसी भी समय, अधिसूचना द्वारा, किसी चिह्नित मण्डी क्षेत्र से किसी क्षेत्र को अपवर्जित कर सकेगी या उसमें किसी अतिरिक्त क्षेत्र को सम्मिलित कर सकेगी या किसी एक चिन्हित मण्डी क्षेत्र को दो या दो से अधिक ऐसे क्षेत्रों में विभाजित कर सकेगी अथवा दो या दो से अधिक ऐसे क्षेत्रों को एक चिन्हित मण्डी क्षेत्र में समामेलित कर सकेगी या किसी अधिसूचित कृषि उपज को विनियमन से अपवर्जित कर सकेगी या किसी कृषि उपज को, जो अब तक विनियमित नहीं है, इस अध्यादेश के अधीन विनियमन के लिए सम्मिलित कर सकेगी।

7. मण्डी प्रांगण, प्राइवेट मण्डी प्रांगण, किसान–उपभोक्ता मण्डी प्रांगण और ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म.––(1) राज्य में, निम्नलिखित हो सकेंगे,–

(क) मण्डी समिति द्वारा प्रबन्धित मण्डी प्रांगण और उप–मण्डी प्रांगण;

(ख) इस अध्यादेश के अधीन अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति द्वारा प्रबन्धित प्राइवेट मण्डी प्रांगण;

(ग) इस अध्यादेश के अधीन अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति द्वारा प्रबन्धित प्राइवेट उप मण्डी प्रांगण;

(घ) मण्डी समिति द्वारा प्रबन्धित किसान–उपभोक्ता मण्डी प्रांगण;

(ङ) इस अध्यादेश के अधीन अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति द्वारा प्रबन्धित प्राइवेट किसान उपभोक्ता मण्डी प्रांगण; और

(च) ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म।

(2) सरकार इस अध्यादेश की धारा 3, 4 और 5 के अधीन अधिसूचना जारी करने के पश्चात्, यथाशक्यशीघ्र, अधिसूचना द्वारा अधिसूचित कृषि उपज के विपणन को विनियमित करने के प्रयोजन के लिए मण्डी समिति द्वारा प्रबन्धित चिन्हित मण्डी क्षेत्र में किसी भी 'स्थान' को, यथास्थिति, मण्डी प्रांगण या किसान–उपभोक्ता मण्डी प्रांगण को भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक या ऐसी अन्य रीति में अभिव्यक्त या विवक्षित रूप से घोषित करेगी।

(3) सरकार, अधिसूचना द्वारा, अधिसूचित कृषि उपज के विपणन के लिए धारा 55 के अधीन अनुज्ञप्त किसी स्थान को, यथास्थिति, प्राइवेट मण्डी प्रांगण, प्राइवेट किसान–उपभोक्ता मण्डी प्रांगण घोषित कर सकेगी।

8. विशेष वस्तु मण्डी प्रांगण की स्थापना और अधिसूचना.––सरकार, विशिष्ट कृषि उपज जैसे पहलुओं पर विचार करने के पश्चात् धारा 7 के अधीन स्थापित किसी मण्डी प्रांगण या किसान–उपभोक्ता मण्डी प्रांगण को ''विशेष वस्तु मण्डी प्रांगण'' के रूप में अभिहित कर सकेगी या किसी मण्डी प्रांगण को ''विशेष वस्तु मण्डी प्रांगण'' के रूप में स्थापित और अधिसूचित कर सकेगी तथा उसके लिए विशेष अवसंरचना अपेक्षाएं निम्नलिखित हो सकेंगी,–

(क) फल और सब्जी मण्डी, पुष्प मण्डी, अनाज मण्डी, सेब मण्डी, सन्तरा मण्डी और ऐसी अन्य मण्डियां;

(ख) औषधीय और सुगंधित पौध मण्डी;

(ग) पशु मण्डी, मछली मण्डी, मुर्गी मण्डी और अन्य ऐसी मण्डियों सहित पशुधन मण्डी; या

(घ) कोई अन्य ऐसी मण्डियां।

9. प्राइवेट मण्डी प्रांगण की स्थापना.––(1) ऐसी शर्तों और ऐसी फीस, जैसी विहित की जाए, के अध्यधीन, निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी किसी व्यक्ति को अधिसूचित कृषि उपज के व्यापार हेतु प्राइवेट मण्डी प्रांगण स्थापित करने के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगा।

(2) प्राइवेट मण्डी प्रांगण अनुज्ञप्तिधारी या इसकी प्रबन्ध समिति, चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो, अनुज्ञप्त प्राइवेट मण्डी प्रांगण को संचालित करने हेतु कमीशन अभिकर्त्ताओं और अन्य मण्डी कृत्यकारियों को रजिस्ट्रीकृत कर सकेगी।

(3) प्राइवेट मण्डी प्रांगण अनुज्ञप्तिधारी या इसकी प्रबन्ध समिति प्राइवेट मण्डी प्रांगण में संव्यवहारित अधिसूचित कृषि उपज पर सरकार द्वारा यथा अधिसूचित दर से अनधिक दर पर उपभोक्ता प्रभार संगृहीत कर सकेगीः

परन्तु कृषक–विक्रेता से कोई उपभोक्ता प्रभार संगृहीत नहीं किया जाएगा।

(4) प्राइवेट मण्डी प्रांगण अनुज्ञप्तिधारी, ऐसे उपयोक्ता प्रभार संग्रहण और रजिस्ट्रीकरण फीस का परिक्रामी विपणन विकास निधि में मण्डी समिति के सममूल्य प्रतिशतता की दर से अंशदान करेगा।

(5) प्राइवेट मण्डी अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्त प्राइवेट मण्डी प्रांगण में निदेशक द्वारा, ऐसी रीति जैसी विहित की जाए, अनुमोदित कारबार और उसमें सहायक कार्यकलापों के संचालन के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाएगा।

10. किसान– उपभोक्ता मण्डी प्रांगण की स्थापना.––(1) ऐसी शर्तों और फीस, जैसी विहित की जाए, के अध्यधीन, निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी किसी व्यक्ति को परचून में विनिर्दिष्ट कृषि उपज के विपणन के लिए किसान–उपभोक्ता मण्डी प्रांगण स्थापित करने हेतु अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगा।

(2) किसी व्यक्ति द्वारा, ऐसा किसान उपभोक्ता मण्डी प्रांगण, ऐसी अवसंरचना, जैसी विहित की जाए, को विकसित करके ऐसे स्थान पर स्थापित किया जा सकेगा, जहां किसान(नों) और उपभोक्ता(ओं) दोनों की पहुंच होः

परन्तु उपभोक्ता इस मण्डी में एक समय में, कृषि उपज की ऐसी मात्रा, जैसी विहित की जाए, से अधिक की खरीद नहीं कर सकेगा।

(3) किसान–उपभोक्ता मण्डी प्रांगण अनुज्ञप्तिधारी विक्रेता से कृषि उपज की बिक्री पर ऐसी रीति में, जो विहित की जाए, उपयोक्ता प्रभार वसूल कर सकेगाः

परन्तु सरकार, लोकहित में, समय–समय पर अधिसूचना द्वारा, उपयोक्ता प्रभार के संग्रहण की दर की अधिकतम सीमा नियत कर सकेगी।

11. उप–मण्डी प्रांगण की घोषणा.––(1) इस अध्यादेश में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, सरकार, अधिसूचना द्वारा किसी भाण्डागार / साइलो / शीतागार, शीत वायुमण्डलीय (सीए) भण्डार, संग्रहण केन्द्र, एकत्रीकरण केन्द्र या अन्य संरचना या स्थान, को यथाविहित अवसंरचना और प्रसुविधाओं सहित उप–मण्डी प्रांगण के रूप में कार्य करने हेतु घोषित कर सकेगी।

(2) यथास्थिति, ऐसे भाण्डागार, बुखारी (साइलो), शीतागार, शीत वायुमण्डलीय (सीए) भण्डार, संग्रहण केन्द्र या अन्य ऐसी संरचना या स्थान का स्वामी, जो ऐसे स्थान को उपधारा (1) के अधीन उप–मण्डी प्रांगण के रूप में घोषित करने का इच्छुक है, निदेशक या उस द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी को ऐसे प्ररूप और ऐसी रीति तथा ऐसी फीस; और ऐसी अवधि के लिए भी, जैसी विहित की जाए, किन्तु जो पांच वर्ष से कम की न हो, आवेदन कर सकेगा।

(3) ऐसे भाण्डागार, बुखारी (साइलो), शीतागार, शीत वायुमण्डलीय (सीए) भण्डार, संग्रहण केन्द्र या अन्य ऐसी अवसंरचना या स्थान का अनुज्ञप्तिधारी, घोषित प्राइवेट उप–मण्डी प्रांगण पर संव्यवहारित कृषि उपज पर ऐसी दर, जो सरकार द्वारा यथा अधिसूचित दर से अनधिक न हो, पर उपयोक्ता प्रभार संगृहीत कर सकेगाः

परन्तु कृषक–विक्रेता से कोई भी उपयोक्ता प्रभार संगृहीत नहीं किया जाएगा।

(4) ऐसे उप–मण्डी प्रांगण का अनुज्ञप्तिधारी, उपयोक्ता प्रभार संग्रहण का परिक्रामी विपणन विकास निधि में मण्डी समिति के सममूल्य प्रतिशतता की दर से अंशदान करेगा।

12. प्रत्यक्ष विपणन.––(1) किसी व्यक्ति द्वारा उत्पादन क्षेत्रों की निकटतम अवसंरचना के साथ कृषि उपज के विपणन हेतु एकीकृत (संकलित) केन्द्र ऐसी रीति में स्थापित किए जा सकेंगे, जैसे विहित किए जाएं। ऐसा व्यक्ति इस अध्यादेश की धारा 63 के उपबन्धों के अनुसार अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त करने हेतु आवेदन करेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, प्रत्यक्ष थोक क्रय (खरीद) मण्डी प्रांगण, प्राइवेट–मण्डी प्रांगण से बाहर ऐसे क्रय का स्थान घोषित करके किसी स्थायी (संकलित) एकीकरण केन्द्र की स्थापना के बिना भी, ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, कार्यान्वित किया जा सकेगा।

(3) प्रत्यक्ष विपणन अनुज्ञप्तिधारी को दैनिक व्यापार संव्यवहारों से संबंधित अभिलेखों और समस्त लेखों का अनुरक्षण करना होगा और वह अनुज्ञप्ति प्राधिकारी को मासिक रिपोर्ट, ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, प्रस्तुत करेगा।

(4) अनुज्ञप्ति प्राधिकारी, प्रत्यक्ष विपणन अनुज्ञप्तिधारी से किसी भी प्रकार की अतिरिक्त सूचना मांग सकेगा; और ऐसे थोक क्रयों तथा उससे आनुषंगिक क्रियाकलापों के कार्य करने से संबंधित निरीक्षण भी कर सकेगा और निदेश भी जारी कर सकेगा।

(5) प्रत्यक्ष विपणन अनुज्ञप्तिधारी ऐसी मण्डी फीस, जैसी विहति की जाए, का संदाय करने के लिए दायी होगा।

अध्याय–3

मण्डी समिति का गठन

13. मण्डी समिति की स्थापना.––(1) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, प्रत्येक चिन्हित मण्डी क्षेत्र के लिए मण्डी समिति स्थापित करेगी और इसका मुख्यालय विनिर्दिष्ट करेगी।

(2) उपधारा (1) के अधीन स्थापित प्रत्येक मण्डी समिति एक निगमित निकाय होगी जिसका शाश्वत् उत्तराधिकार और सामान्य मुद्रा होगी और वह अपने निगमित नाम से वाद ला सकेगी या उसके विरूद्ध वाद लाया जा सकेगा और जो जंगम और स्थावर दोनों प्रकार की सम्पत्ति को धारण करने और ऐसी किसी सम्पत्ति, जो उसमें निहित हो गई है, को पट्टे पर देने, विक्रय करने या अन्यथा अंतरण करने और संविदा करने तथा उन प्रयोजनों, जिनके लिए इसकी स्थापना की गई है, के लिए आवश्यक समस्त कार्य करने के लिए सक्षम होगीः

परन्तु कोई मण्डी समिति किसी स्थावर सम्पत्ति को, समिति के सदस्यों के तीन–चौथाई से अन्यून बहुमत द्वारा इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से बुलाई गई बैठक में पारित संकल्प के अनुसरण और बोर्ड के पूर्वानुमोदन के सिवाय, स्थायी रूप से अन्तरित नहीं करेगी।

14. मण्डी समिति या बोर्ड के लिए भूमि का अर्जन.––जब कोई भूमि इस अध्यादेश के प्रयोजनों के लिए अपेक्षित है तो राज्य सरकार, यथास्थिति, बोर्ड या समिति के अनुरोध पर, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 या किसी अन्य सुसंगत विधि के उपबन्धों के अधीन भूमि का अर्जन करने के लिए अग्रसर होगी और उस अधिनियम के अधीन अधिनिर्णीत प्रतिकर और भूमि अर्जन के मद्दे राज्य सरकार द्वारा उपगत समस्त अन्य प्रभारों के, यथास्थिति, बोर्ड या समिति द्वारा संदाय पर भूमि बोर्ड या समिति में निहित हो जाएगी।

15. मण्डी समिति का गठन.––(1) मण्डी समिति सोलह सदस्यों से गठित होगी जिन में से छह पदेन सदस्य और दस गैर–सरकारी सदस्य होंगे।

(2) पदेन सदस्य,–

(क) उपायुक्त	उपाध्यक्ष;
(ख) उप निदेशक कृषि	सदस्य;
(ग) उप निदेशक उद्यान	सदस्य;
(घ) उप निदेशक पशुपालन	सदस्य;
(ङ) वन मण्डल अधिकारी	सदस्य; और
(च) सचिव मण्डी समिति	सदस्य–सचिव।

(3) गैर–सरकारी सदस्यों को राज्य सरकार द्वारा पैनल में से निम्नलिखित रूप में नामनिर्दिष्ट किया जाएगा,–

(क) चिन्हित मण्डी क्षेत्र के कृषकों में से आठ गैर–सरकारी सदस्य;

(ख) रजिस्ट्रीकृत व्यापारियों का एक प्रतिनिधि; और

(ग) सहकारी विपणन सोसाइटी या कृषि उत्पादक कम्पनी का एक प्रतिनिधिः

परन्तु पैनल ऐसी रीति में तैयार किया जाएगा, जैसा विहित किया जाए।

16. मण्डी समिति के सदस्यों की निरर्हताएं.––कोई सदस्य मण्डी समिति का सदस्य बने रहने के लिए पात्र नहीं होगा जो,–

(क) साधारणतया राज्य में निवास नहीं करता है;

(ख) पच्चीस वर्ष से कम आयु का है;

(ग) विकृतचित्त है; या

(घ) दिवालिया घोषित किया गया है या चाहे हिमाचल प्रदेश में या इसके बाहर, नैतिक अधमत्ता से अन्तर्वलित किसी अपराध के लिए दाण्डिक न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध ठहराया गया है:

परन्तु खण्ड (घ) के अधीन, दाण्डिक न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि के आधार पर निरर्हता, उस तारीख, जिस को उस व्यक्ति के दण्डादेश का अवसान हो गया था, से चार वर्ष के अवसान के पश्चात् लागू नहीं होगी।

17. सदस्यों का त्यागपत्र.––मण्डी समिति का कोई गैर–सरकारी सदस्य मण्डी समिति के अध्यक्ष को लिखित में अपनी सदस्यता से त्यागपत्र परिदत्त करेगा या परिदत्त करवा सकेगा, जो उसकी प्राप्ति की अभिस्वीकृति करेगा और ऐसे सदस्य का स्थान, जब तक कि ऐसा सदस्य ऐसे समय के भीतर अध्यक्ष को लिखित में सम्बोधित करके, अपना त्यागपत्र प्रत्याहृत नहीं कर देता, त्यागपत्र की अभिस्वीकृति की तारीख से पन्द्रह दिन के अवसान पर रिक्त हो जाएगा।

18. मण्डी समिति के अध्यक्ष का निर्वाचन.––प्रत्येक मण्डी समिति अपने सदस्यों में से अध्यक्ष निर्वाचित करेगी:

परन्तु समिति के केवल कृषक सदस्य ही अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए पात्र होंगे।

19. अध्यक्ष द्वारा त्याग पत्र तथा उसके पद की रिक्ति.––(1) मण्डी समिति का अध्यक्ष, बोर्ड के अध्यक्ष को लिखित में सम्बोधित कर अपने पद से किसी भी समय त्याग पत्र दे सकेगा; और पद ऐसे त्याग पत्र की तारीख से पूरे पन्द्रह दिनों के अवसान पर रिक्त हो जाएगा, जब तक कि वह पन्द्रह दिन की उक्त अवधि के भीतर बोर्ड के अध्यक्ष को लिखित में सम्बोधित करके त्याग पत्र को प्रत्याहृत नहीं कर लेता है।

(2) अध्यक्ष के अपने पद से त्याग पत्र देने, मृत्यु हो जाने पर, हटाए जाने के कारण या अन्यथा किसी रिक्ति के दौरान, उपाध्यक्ष, अध्यक्ष की शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों का अनुपालन तब तक करेगा, जब तक कि सम्यक् रूप से अध्यक्ष नियुक्त नहीं हो जाता है।

20. अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव.––(1) अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव उपधारा (2) के अधीन प्रयोजन के लिए विशेष रूप से बुलाई गई बैठक में लाया जाएगा और यदि प्रस्ताव समिति के कुल सदस्यों के बहुमत द्वारा और उपस्थित सदस्यों के दो–तिहाई से अन्यून सदस्यों द्वारा पारित किया जाता है, तो वह मण्डी समिति का अध्यक्ष नहीं रहेगा।

(2) उपधारा (1) के प्रयोजन के लिए, मण्डी समिति की बैठक, अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस प्राप्त होने की तारीख से तीस दिन के भीतर ऐसी रीति, जैसी विहित की जाए, में आयोजित की जाएगी। मण्डी समिति का कोई पदेन सदस्य अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस नहीं लाएगा। पदेन सदस्य को अविश्वास प्रस्ताव पर मत देने का अधिकार नहीं होगा।

(3) अध्यक्ष बैठक की अध्यक्षता नहीं करेगा, किन्तु ऐसी बैठक की अध्यक्षता किसी ऐसे अधिकारी द्वारा की जाएगी जिसे निदेशक उस प्रयोजन हेतु नियुक्त करे। तथापि, अध्यक्ष को बोलने का और अन्यथा बैठक की कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकार होगा।

(4) यदि अविश्वास प्रस्ताव गिर जाता है या यदि गणपूर्ति न होने के कारण बैठक नहीं होती है तो किसी पश्चात्वर्ती अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि ऐसी नियत बैठक की तारीख से छह मास की अवधि का अवसान नहीं हो जाता।

21. अध्यक्ष और गैर–सरकारी सदस्यों को अनुपस्थिति की इजाजत और इजाजत के बिना अनुपस्थिति के परिणाम.––(1) कोई अध्यक्ष, जो बोर्ड के अध्यक्ष की इजाजत के बिना, समिति की तीन लगातार बैठकों से अनुपस्थित रहता है, तो वह उस तारीख, जिसको / जिससे ऐसी तीसरी बैठक आयोजित की गई है, से अध्यक्ष नहीं रहेगा।

(2) उपधारा (1) के उपबन्धों के अध्यधीन, प्रत्येक गैर–सरकारी सदस्य, जो अध्यक्ष की इजाजत के बिना समिति की तीन लगातार बैठकों से अनुपस्थित रहता है, तो वह उस तारीख, जिसको / जिससे ऐसी तीसरी बैठक आयोजित की गई है, से सदस्य नहीं रहेगा।

(3) उपधारा (1) या (2) के अधीन मण्डी समिति की छह लगातार बैठकों के लिए अनुपस्थिति की इजाजत प्रदान नहीं की जाएगी। जब कभी ऐसी इजाजत अध्यक्ष या सदस्य को अत्यावश्यकता, जैसी विहित की जाए, में प्रदान की जाती है तो मण्डी समिति ऐसे पात्र सदस्यों को मण्डी समिति के अध्यक्ष और सदस्य के रूप में कर्तव्यों और कृत्यों का निवर्हन ऐसी रीति, जैसी विहित की जाए, में करने के लिए निर्वाचित या नामनिर्दिष्ट करेगी।

22. नए अध्यक्ष को प्रभार सौंपने से इन्कार करना.––(1) अध्यक्ष के चुने जाने पर, निवर्तमान अध्यक्ष को तत्काल पद धारण करने से प्रविरत हुआ समझा जाएगा और वह परवर्त्ती पदधारक को अपने पद का प्रभार सौंपेगा।

(2) यदि निवर्तमान अध्यक्ष उपधारा (1) के अधीन अपने पद का प्रभार सौंपने में असफल रहता है या देने से इन्कार करता है, तो प्रबन्ध निदेशक सरकार के पूर्व अनुमोदन से लिखित में आदेश द्वारा तत्काल निर्वतमान अध्यक्ष को मण्डी समिति के समस्त अभिलेख, निधियां और सम्पत्ति, यदि कोई उसके कब्जे में है, सहित अपने पद का प्रभार सौंपने के निदेश दे सकेगा।

(3) यदि निवर्तमान अध्यक्ष, जिसे उपधारा (2) के अधीन निदेश जारी किया गया है और वह ऐसे निदेश का अनुपालन नहीं करता है, तो प्रबन्ध निदेशक की वहीं शक्तियां होंगी जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन, एक डिक्री निष्पादित करते समय, सिविल न्यायालय में निहित हैं।

23. कतिपय शर्तों के अधीन मण्डी समिति के अभिलेख और संपत्ति का अभिग्रहण और कब्जा लेना.––(1) जहां प्रबन्ध निदेशक का समाधान हो जाता है कि मण्डी समिति की बहियों और अभिलेखों को छिपाया गया है, उससे छेड़छाड़ किए जाने या उनको नष्ट किए जाने (करने) की संभावना है, या मण्डी समिति की निधियों और संपत्ति का दुर्विनियोजन या दुरूपयोग किए जाने की संभावना है तो प्रबन्ध निदेशक, मण्डी समिति के अभिलेख और संपत्ति का अभिग्रहण करने और उसे कब्जे में लेने के आदेश कर सकेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन आदेश प्राप्त होने पर स्थानीय क्षेत्र का पुलिस अधिकारी, जो कि उप–निरीक्षक की पंक्ति से नीचे का न हो, किसी स्थान, जहां अभिलेख और संपत्ति रखी गई है या रखे जाने की संभावना है, में प्रवेश करेगा और उसकी तलाशी लेगा और विधि के अधीन सम्यक् प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए उन का अभिग्रहण कर उनका कब्जा, यथास्थिति, प्रबन्ध निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को देगा।

अध्याय–4
मण्डी समिति की शक्तियां और कृत्य

24. अध्यक्ष की शक्तियां और कर्तव्य.––(1) इस अध्यादेश के किसी अन्य उपबंध के अधीन प्रदत्त शक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मण्डी समिति का अध्यक्ष, मण्डी समिति का पर्यवेक्षण अधिकारी होगा।

(2) अध्यक्ष मण्डी समिति की बैठक की अध्यक्षता करेगा और ऐसी बैठकों के कारबार का संचालन करेगा।

25. मण्डी समिति की बैठक.––मण्डी समिति अपने कारबार के संव्यवहार के लिए, समस्त सदस्यों को सात दिन का पूर्व नोटिस देकर ऐसी तारीख और ऐसे समय पर, जैसा कि अध्यक्ष अवधारित करे, प्रत्येक मास में कम से कम एक बार बैठक करेगी:

परन्तु मण्डी समिति, विशेष परिस्थितियों में चिह्नित मण्डी क्षेत्र, जैसा विहित किया जाए, में किसी भी समय और किसी भी स्थान पर बैठक कर सकेगी।

26. बैठक की गणपूर्ति और प्रक्रिया.––मण्डी समिति की बैठक में, कारबार के संव्यवहार के लिए मण्डी समिति के सदस्यों की कुल संख्या के एक तिहाई से गणपूर्ति होगी। बैठक की प्रक्रिया ऐसी होगी, जैसी विहित की जाए।

27. मण्डी समिति की शक्तियां और कर्तव्य.––(1) इस अध्यादेश के उपबंधों के अध्यधीन मण्डी समिति का यह कर्तव्य होगा कि,–

(क) चिह्नित मण्डी क्षेत्र में मण्डी प्रांगण (णों) में इस अध्यादेश और तद्धीन बनाए गए नियमों और उप–विधियों के उपबंधों को कार्यान्वित करना;

(ख) कृषि उपज के विपणन के लिए उनमें ऐसी प्रसुविधाओं की व्यवस्था करना जैसा प्रबंध निदेशक या सरकार समय–समय पर निर्दिष्ट करे;

(ग) ऐसे अन्य कृत्यों का अनुपालन करना जो मण्डी प्रांगण के अधीक्षण, निदेशन और नियन्त्रण के सम्बन्ध में कृषि उपज के उसमें विपणन को सुकर बनाने के लिए और जो उपरोक्त मामलों से सम्बद्ध प्रयोजनों के लिए अपेक्षित हों; और

(घ) समस्त ऐसे अन्य कार्य करना जो मण्डी प्रांगण (णों) में मूल्यांकन प्रणाली और संव्यवहारों में पूर्ण पारदर्शिता लाए।

(2) पूर्वगामी उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मण्डी समिति,–

(क) चिह्नित मण्डी क्षेत्र में मण्डी प्रांगण (प्रांगणों) का अनुरक्षण और प्रंबध करेगी;

(ख) चिह्नित मण्डी क्षेत्र में मण्डी प्रांगण (प्रांगणों) में कृषि उपज के विपणन के लिए आवश्यक प्रसुविधाओं की व्यवस्था करेगी;

(ग) व्यापारियों से अन्यथा मण्डी कृत्यकारियों को अनुज्ञप्ति प्रदान करेगी या उसका नवीकरण करेगी;

(घ) व्यापारियों से अन्यथा मण्डी कृत्यकारियों को अनुदत्त या नवीकृत अनुज्ञप्ति को स्थगित या रद्द करेगी और मण्डी कृत्यकारियों के आचरण का पर्यवेक्षण करेगी तथा अनुज्ञप्ति की शर्तों को लागू करेगी;

(ङ) मण्डी समिति के नियमों या उप–विधियों के अधीन विहित उपबंधों और प्रक्रिया के अनुसार कृषि उपज की ई–नीलामी सहित नीलामी का विनियमन या पर्यवेक्षण करेगी;

(च) विक्रयों, तोल, परिदान, संदाय और कृषि उपज, ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, विपणन से सम्बन्धित समस्त अन्य मामलों के करारों को करने, उन्हें कार्यान्वित करने तथा उन्हें परिवर्तित करने या उनका रद्दकरण करने का विनियमन करेगी;

(छ) विक्रेता और क्रेता के मध्य कृषि उपज के विपणन और उसके आनुषंगिक समस्त मामलों, जो विहित किए जाएं, से सम्बन्धित ऑनलाइन संव्यवहार सहित किसी प्रकार के संव्यवहार से उद्भूत समस्त विवादों का निपटारा करने के लिए व्यवस्था करेगी;

(ज) कृषि उपज के उत्पादन, विक्रय, भण्डारकरण, प्रसंस्करण, मूल्य (कीमत) और संचालन की बाबत, इसके चिह्नित मण्डी क्षेत्र में विस्तारी क्रियाकलापों अर्थात् संग्रहण, अनुरक्षण और सूचना के प्रसारण को कार्यान्वित करने हेतु लोक प्राइवेट भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी;

(झ) न्यूनतम समर्थन मूल्य, जो सरकार द्वारा समय–समय पर नियत किया जाए, से कम क्रयों और विक्रयों के निवारण के लिए उपाय करेगी;

(ञ) दरों, प्रभारों, फीस, विकासात्मक उपकर, उपयोक्ता प्रभारों और अन्य धन राशियों, जिनके लिए मण्डी समिति हकदार है, का उद्ग्रहण करेगी, लेगी, वसूल करेगी या प्राप्त करेगी;

(ट) इस अध्यादेश, नियमों और उप–विधियों के उपबंधों के उल्लंघन के लिए व्यक्तियों को अभियोजित करेगी और ऐसे अपराधों का शमन भी करेगी;

(ठ) अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक कार्यान्वयन करने के प्रयोजन के लिए भूमि और किसी जंगम या स्थावर सम्पत्ति का अधिग्रहण करेगी;

(ड) व्यक्ति, जो इस अध्यादेश, नियमों या उप–विधियों के उपबन्धों के अधीन या इस अध्यादेश के अधीन जारी आदेशों या निदेशों का उल्लंघन करते हैं, पर शास्तियां अधिरोपित करेगी;

(ढ) कोई वाद, अभियोजन, कार्रवाई, कार्यवाही, आवेदन या माध्यस्थम् को संस्थित और उसका प्रतिरक्षण करेगी तथा ऐसे वाद, कार्रवाई, कार्यवाही, आवेदन या माध्यस्थम् में समझौता करेगी;

(ण) मण्डी समिति निधि का प्रबन्धन करेगी और इसके लेखों का अनुरक्षण ऐसी रीति, जैसी विहित की जाए, में करेगी;

(त) ऐसे साधनों के माध्यम से जैसे कि इश्तिहार, पैम्पलैटों, विज्ञापनों, सिनेमा स्लाइडज, फिल्म प्रदर्शनों, समूह बैठकों, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया और ऑन लाइन प्लेटफार्म आदि या किन्हीं अन्य साधनों, जो अधिक प्रभावी या आवश्यक समझे जाएं, चिह्नित मण्डी क्षेत्रों में उपलब्ध करवाई गई विनियम, संव्यवहार की प्रणाली, सुविधाओं की प्रसुविधाओं के बारे में प्रचार करेगी;

(थ) मण्डी प्रांगण या ई–ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म में किए जाने वाले संव्यवहारों की बाबत संदाय करना सुनिश्चित करेगी;

(द) कृषि उपज के अपमिश्रण का निवारण करने के लिए समस्त संभव कदम उठा सकेगी;

(ध) कृषि मण्डियों के प्रबंधन में लोक प्राइवेट भागीदारी की स्थापना करेगी और उनको प्रोत्साहित कर सकेगी;

(न) समुचित डिजिटल प्रौद्योगिकी के माध्यम से किसानों या उनके समूहों को उपभोक्ताओं के साथ जोड़ने को प्रोत्साहन दे सकेगी;

(प) मण्डी प्रांगण(णों) में आने वाले व्यक्तियों और यानों के प्रवेश तथा यातायात को विनियमित कर सकेगी;

(फ) मण्डी प्रांगण में उपयोग में लाए जाने वाले मापमान, बाटों और मापों तथा मण्डी कृत्यकारियों द्वारा अनुरक्षित लेखा बहियों तथा अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण तथा सत्यापन, ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, कर सकेगी;

(ब) जानवर, पशु, पक्षी आदि, जिनका मण्डी प्रांगण में क्रय या विक्रय किया जाता है, की बाबत पशु चिकित्सक से उपयुक्तता (स्वास्थ्य) प्रमाण पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था कर सकेगी;

(भ) तुलाई करने वाले व्यक्ति और हम्मालों (भार लादने वालों) की बाबत प्रभारों की वसूली कर सकेगी और यदि, यथास्थिति, क्रेता या विक्रेता द्वारा संदाय नहीं किया गया है तो तुलाई

करने वाले व्यक्ति और हम्मालों, भार लादने वालों / भार उतारने वालों को उसका वितरण कर सकेगी;

(म) कृषि उपज के उत्पादन, विक्रय, भण्डारकरण, प्रसंस्करण, कीमतों और संचलन के बारे में सूचना एकत्रित और अनुरक्षित कर सकेगी और निदेशक या प्रबन्ध निदेशक या सरकार द्वारा यथा निदेशित ऐसी सूचना का प्रसार कर सकेगी;

(य) युक्तियुक्त रूप से ऐसी रीति में कार्य करना कि व्यापारी कृषि उपज की जमाखोरी न कर सके और मण्डी कृत्यकारी कृषक–विक्रेता के हित को जोखिम में डालने या व्यापार के भाव को विफल करने के लिए व्यापार संघ का गठन नहीं कर सकेगी या उचित मूल्य प्रकटन को निरूत्साहित नहीं कर सकेगी; और

(यक) तृतीय पक्षकार के रूप में परख या परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करेगी या स्थापित करना अनुज्ञात करेगी और इसके लिए उनमें परख, ग्रेडिंग और इसके आनुषंगिक क्रियाकलापों और सेवाओं के प्रोत्साहन हेतु ऐसी रीति, जो विहित की जाए, में उप–समिति का गठन कर सकेगी।

(3) मण्डी समिति, बोर्ड की पूर्व मंजूरी से,–

(क) मण्डी प्रांगण (णों) और चिह्नित मण्डी क्षेत्र में कृषि उपज के विपणन को सुकर बनाने के लिए, आन्तरिक, संयोजी सड़कों, गोदामों, और अन्य अवसंरचनाओं का सन्निर्माण और इस प्रयोजन के लिए बोर्ड, या किसी अन्य विभाग या राज्य सरकार के किसी उपक्रम या सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अभिकरण को अनुदान या अग्रिम निधियां देने का जिम्मा ले सकेगी;

(ख) उर्वरक, कीटमार, समुन्नत बीजों, कृषि उपस्करों के विक्रय हेतु निवेश के स्टॉक का अनुरक्षण और मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करने का जिम्मा ले सकेगी;

(ग) कृषकों को कृषि उपज के संग्रहण के लिए किराए पर भण्डारकरण की सुविधा की व्यवस्था करना; और

(घ) नियामक पद्धति की स्थापना करने, अवसंरचना का निर्माण (सर्जन) करने और उनके लिए अन्य क्रियाकलापों का जिम्मा लेने और ई–ट्रेडिंग का उन्नयन और उसे प्रोत्साहित करने के आशय से आवश्यक कदम उठा सकेगी।

28. उप–समिति का गठन और शक्तियों का प्रत्यायोजन.––मण्डी समिति ऐसी शर्तों और निबधंनों, जो विहित किए जाएं, के अध्यधीन अपने किन्हीं कर्तव्यों के अनुपालन या कृत्यों के निर्वहन के लिए, जो इसे समनुदेशित करने के लिए उचित समझे जाएं, समिति के ऐसे सदस्यों से गठित एक या एक से अधिक उप–समितियां गठित कर सकेगी।

29. उधार लेने की शक्ति.––(1) मण्डी समिति, बोर्ड की पूर्व मंजूरी से बैंकों, वित्तीय संस्थाओं से धन ले सकेगी या उस प्रयोजन, जिसके लिए यह स्थापित की गई है, के कार्यान्वयन के लिए अपेक्षित इसमें निहित किसी सम्पत्ति की प्रतिभूति और इस अध्यादेश के अधीन उद्ग्रहणीय किसी फीस या उपयोक्ता प्रभार पर डिबेंचर पुरोधृत (जारी) कर सकेगी।

(2) मण्डी समिति, बोर्ड के पूर्व अनुमोदन से मण्डी की स्थापना के लिए अपेक्षित भूमि, भवन, कर्मचारिवृन्द और उपस्करों पर, आरम्भिक व्यय की पूर्ति के प्रयोजन के लिए सरकार या बोर्ड या अन्य वित्तीय संस्थाओं से ऋण अभिप्राप्त कर सकेगी या अनुदान प्राप्त कर सकेगी।

30. अवसूलीय फीस आदि को बट्टे–खाते में डालने की शक्ति.––मण्डी समिति कोई भी फीस या उपयोक्ता प्रभार या रकम, चाहे संविदा या अन्यथा के अन्तर्गत इसको देय है या उस पर इसके अतिरिक्त

संदेय कोई रकम, यदि उसकी राय में ऐसी फीस या उपयोक्ता प्रभार या कोई रकम अवसूलीय है, बट्टे–खाते में डाल सकेगीः

परन्तु यदि फीस या रकम पच्चीस हजार रूपए से अधिक है तो मण्डी समिति ऐसी फीस या उपयोक्ता प्रभार या रकम को बट्टे–खाते में डालने से पूर्व सक्षम प्राधिकारी, जैसा विहित किया जाए, की मंजूरी अभिप्राप्त करेगी।

31. मण्डी प्रांगण से अधिक्रमण हटाने की शक्ति.––(1) प्रबन्ध निदेशक द्वारा इस निमित्त सशक्त मण्डी समिति या बोर्ड के किसी अधिकारी या कर्मचारी को, मण्डी प्रांगणों सहित समिति या बोर्ड के स्वामित्वाधीन किसी जंगम या स्थावर सम्पति पर किसी भी अधिक्रमण, अवैध अधिभोग या अवैध कब्जे को हटाने की शक्ति होगी और ऐसे हटाए जाने का व्यय उस व्यक्ति, जिसने उक्त अधिक्रमण किया है, द्वारा संदत्त किया जाएगा और उसकी वसूली उसी रीति में की जाएगी जैसे भू–राजस्व की बकाया वसूल किया जाता है।

(2) उपधारा (1) के अधीन सशक्त अधिकारियों की सहायता करने के लिए समस्त पुलिस अधिकारी और राजस्व प्राधिकारी, जब भी इस अध्यादेश के अधीन उनके कर्तव्यों के पालन में अपेक्षित हो, आबद्ध होंगे और इस प्रयोजन के लिए उनकी वही शक्तियां होंगी, जो उनके अपने सामान्य अनुक्रम में कर्तव्यों के निर्वहन में हैं।

(3) उपधारा (1) के अधीन सशक्त बोर्ड या समिति का कोई अधिकारी या पदधारी यदि अधिक्रमण को हटाने में असफल रहता है तो वह चूक की गंभीरता के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने या अभियोजन के लिए दायी होगा।

32. तुलाई उपकरण, बाट और माप का उपयोग और उनका निरीक्षण.––(1) मण्डी प्रांगण(णों), प्राइवेट मण्डी प्रांगण(णों) और किसान–उपभोक्ता मण्डी प्रांगण(णों) में यथा अपेक्षित कृषि उपज की तुलाई और मापन के लिए केवल इलैक्ट्रॉनिक तुलाई उपकरणों, जो हिमाचल प्रदेश बाट और माप (प्रवर्तन) अधिनियम, 1968 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा यथाविहित ऐसे बाट और माप की अपेक्षाओं को भी पूर्ण करते हों, का उपयोग किया जाएगाः

परन्तु कृषि उपज के विक्रय और क्रय के संव्यवहारों में अधिमानतः इलैक्ट्रॉनिक तराजू का ही उपयोग किया जाएगा।

(2) इस धारा के अधीन मण्डी समिति द्वारा रखे गए तुलाई उपकरण, बाटों और मापों का / की निदेशक या प्रबंध निदेशक या किसी अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा किसी भी समय निरीक्षण, परीक्षण और जांच की जा सकेगी।

33. संविदा करने की पद्धति.––किसी मण्डी समिति द्वारा क्रय, विक्रय, पट्टा, बन्धक या स्थावर सम्पत्ति के अन्य अन्तरण के लिए की गई प्रत्येक संविदा या करार, मण्डी समिति की मंजूरी से ऐसी रीति में, जो विहित की जाए, मण्डी समिति की ओर से संयुक्ततः इसके अध्यक्ष और सचिव द्वारा लिखित में किया जाएगा।

34. मण्डी समिति के कृत्य आदि का अविधिमान्य न होना.––मण्डी समिति या उसकी किसी उप–समिति या मण्डी समिति के सदस्य, अध्यक्ष, पीठासीन प्राधिकारी या सचिव के रूप में कार्य कर रहे किसी व्यक्ति का कोई भी कृत्य ऐसी मण्डी समिति, उप समिति के गठन, इसके सदस्यों, अध्यक्ष, पीठासीन अधिकारी या सचिव की नियुक्ति में किसी त्रुटि के कारण या इस आधार पर कि वे या उनमें से कोई ऐसे पद के लिए निरर्हित किया गया था / किए गए थे या समिति या उप समिति की बैठक आयोजित करने के आशय का सम्यक् रूप से औपचारिक नोटिस नहीं दिया गया था या इस कारण कि ऐसा कृत्य ऐसी समिति या उप–समिति के अध्यक्ष या सचिव या सदस्य के पद की रिक्ति के दौरान किया गया था या किसी अन्य अशक्तता, जो मामले के गुणागुण पर प्रभाव डाले बिना किया गया था, के कारण अविधिमान्य नहीं समझा जाएगा।

अध्याय–5
मण्डी समिति के कर्मचारिवृन्द

35. मण्डी समिति का सचिव.––प्रत्येक मण्डी समिति का एक सचिव होगा जो मण्डी प्रांगण(णों) की व्यवस्था करने वाली मण्डी समिति का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होगा और चिह्नित मण्डी क्षेत्र में मण्डी प्रांगणों के समस्त अभिलेखों और सम्पत्तियों का अभिरक्षक होगाः

परन्तु बोर्ड ऐसी रीति में सचिव की नियुक्ति कर सकेगा जैसी विहित की जाए।

36. सचिव की शक्तियां, कृत्य और कर्तव्य.––सचिव ऐसे अन्य कर्तव्यों, जो इस अध्यादेश या नियमों या उप–विधियों में विनिर्दिष्ट किए जाएं, के अतिरिक्त निम्नलिखित शक्तियों का प्रयोग और कृत्यों और कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, अर्थात्:–

(क) मण्डी समिति और उप–समिति, यदि कोई है, की बैठकों का आयोजन करना और उसकी / उनकी कार्यवाहियों के कार्यवृत्तों का अनुरक्षण करना;

(ख) मण्डी समिति और प्रत्येक उप–समिति की बैठकों में उपस्थित होना और चर्चा में भाग लेना, किन्तु वह कोई संकल्प प्रस्तुत नहीं करेगा या किसी ऐसी बैठक में मतदान नहीं करेगा;

(ग) समिति और उप–समितियों के संकल्प को प्रभावी करने के लिए कार्रवाई करना और ऐसे संकल्प के अनुसरण में यथाशीघ्र समिति को समस्त कार्रवाइयों के बारे में रिपोर्ट करना;

(घ) बजट प्रस्ताव तैयार करना;

(ङ) मण्डी समिति को निम्नलिखित से सम्बन्धित रिपोर्टों सहित ऐसे विवरण, विवरणियाँ, प्राक्कलन, आंकड़े और रिपार्टें प्रस्तुत करना जैसी मण्डी समिति समय–समय पर अपेक्षा करे,–

(i) कर्मचारिवृन्द के सदस्यों और मण्डी कृत्यकारियों तथा अन्य पर अधिरोपित जुर्माने और शास्तियां और उनके विरूद्ध की गई कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई;

(ii) किसी व्यापारी द्वारा अधिव्यापार (ओवर ट्रेडिंग) करना;

(iii) किसी व्यक्ति द्वारा अधिनियम, नियमों, उप–विधियों, स्थायी आदेशों के उपबन्धों का उल्लंघन करना;

(iv) अध्यक्ष या निदेशक द्वारा अनुज्ञप्ति का निलम्बन या रद्दकरण; और

(v) मण्डी समिति का प्रबन्धन करना और मण्डी प्रांगण(णों) में विपणन का विनियमन करना;

(च) मण्डी समिति के समक्ष ऐसे दस्तावेज, बहियां, रजिस्टर और इस प्रकार की अन्य चीजें, जो समिति या उप–समिति के कारबार के संव्यवहार के लिए आवश्यक हों और जब कभी भी मण्डी समिति द्वारा ऐसा करने को कहा जाए, प्रस्तुत करना;

(छ) मण्डी समिति के समस्त अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द के कृत्यों का पर्यवेक्षण करना और उन पर नियन्त्रण रखना;

(ज) मण्डी समिति को देय या उसके द्वारा उद्ग्रहणीय फीस या उपयोक्ता प्रभार और अन्य धन का संग्रहण करना;

(झ) मण्डी समिति की ओर से जमा किए गए या प्राप्त समस्त धन के लिए उत्तरदायी होना;

(ञ) मण्डी समिति द्वारा विधिपूर्वक संदेय समस्त धन का संवितरण करना;

(ट) मण्डी समिति की निधि या सम्पत्ति की बाबत कपट, गबन, चोरी या क्षति की बाबत प्रबन्ध निदेशक और अध्यक्ष को यथाशीघ्र रिपोर्ट करना; और

(ठ) मण्डी समिति की ओर से अभियोजन आरम्भ करने की बाबत परिवाद करना और मण्डी समिति की ओर से सिविल या दाण्डिक कार्यवाहियों का संचालन करना।

37. लेखाकार की नियुक्ति.––प्रबन्ध निदेशक, सरकार के पूर्वानुमोदन से ऐसी अर्हता, जो विहित की जाए, रखने वाले व्यक्ति को लेखाकार नियुक्त कर सकेगा, जो मण्डी समिति की लेखा बहियों के अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी होगा और सचिव को उसके कर्तव्यों के निर्वहन में सहायता करेगा और ऐसे कर्तव्यों, जो मण्डी समिति या सचिव द्वारा उसे प्रत्यायोजित किए जाएं, का अनुपालन करेगा।

38. मण्डी समिति के कर्मचारिवृन्द की नियुक्ति.––(1) प्रबन्ध निदेशक, बोर्ड के पूर्व अनुमोदन से ऐसे अन्य अधिकारियों और पदधारियों, जो मण्डी समिति के कृत्यों के दक्षतापूर्ण निर्वहन के लिए आवश्यक और समुचित हों, नियुक्त कर सकेगीः

परन्तु कोई भी पद सरकार की पूर्व मंजूरी के बिना सृजित और भरा नहीं जाएगा।

(2) इस अध्यादेश या नियमों के उपबन्धों के अध्यधीन, विपणन बोर्ड उपधारा (1) के अधीन नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति, वेतन, छुट्टी, भत्ते, उपदान, पेन्शन, भविष्य निधि में अभिदाय और सेवा की अन्य शर्तों को विनियमित करने के लिए उप–विधियां या सेवा विनियम बना सकेगी।

(3) इस अध्यादेश या तद्धीन बनाए गए नियमों या उप–विधियों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, प्रबन्ध निदेशक किसी मण्डी समिति के किसी अधिकारी या सेवक को किसी अन्य मण्डी समिति को और विपर्ययेन स्थानान्तरित कर सकेगा।

अध्याय–6
ई–ट्रेडिंग

39. ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म की स्थापना.––(1) कोई भी व्यक्ति इस अध्यादेश के अधीन अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त किए बिना कृषि उपज का व्यापार करने के लिए किसी ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म की न तो स्थापना करेगा और न ही उसे चलाएगा।

(2) उपधारा (1) में यथा उपबंधित के सिवाय, सरकार या इसके अभिकरण, तथापि, कृषि उपज, जो विहित की जाए, में व्यापार करने के लिए ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म की स्थापना कर सकेगी और उसे चला सकेगी।

40. ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म की स्थापना के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करना या उसका नवीकरण करना.––(1) किसी ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म को स्थापित करने की वाँछा रखने वाला कोई व्यक्ति, ऐसी फीस और प्रतिभूति या बैंक गारंटी सहित ऐसे प्ररूप और रीति में और ऐसी शर्तों को पूरा करते हुए, जो विहित की जाएं, निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को आवेदन करेगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन अनुज्ञप्ति प्रदान करने या उसके नवीकरण के लिए प्राप्त आवेदन को अनुज्ञप्ति प्राधिकारी द्वारा कारणों को लिखित में अभिलिखित करके स्वीकार या अस्वीकार किया जा सकेगा।

(3) यथास्थिति, किसी व्यक्ति या सरकार या इसके अभिकरणों द्वारा प्रबंधित और संचालित ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म, ई–ट्रेडिंग से सम्बद्ध समस्त अवसंरचनाएं और सेवाएं, जैसी विहित की जाएं, की व्यवस्था करेगा / करेगीः

परन्तु कृषक से कोई कमीशन संगृहीत नहीं की जाएगीः

(4) अनुज्ञप्तिधारी या इसकी प्रबंध समिति ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म पर कृषि उपज के विक्रय संव्यवहार पर उपयोक्ता प्रभार संगृहीत कर सकेगीः

परन्तु कृषक से कोई उपयोक्ता प्रभार संगृहीत नहीं किया जाएगाः

परन्तु यह और कि सरकार लोकहित में, समय–समय पर, अधिसूचना द्वारा उपयोक्ता प्रभार के संग्रहण की दर की अधिकतम सीमा नियत कर सकेगी।

(5) ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म का अनुज्ञप्तिधारी, ऐसे उपयोक्ता प्रभार का संग्रहण, मण्डी समिति के सममूल्य दर की प्रतिशतता पर परिक्रामी विपणन विकास निधि में अभिदाय करेगा।

41. विक्रेताओं को संदाय और लेखों का अनुरक्षण.––(1) इस अध्यादेश में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, ई–ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर किए गए व्यापार पर कृषि उपज का संदाय, विक्रेता को विक्रय संव्यवहार के दिन या अगले दिन किया जाएगा। ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म पर प्रक्रिया संबंधी अत्यावश्यकताओं में विक्रेताओं को संदाय यथा विहित रीति में किया जा सकेगा।

(2) यथास्थिति, अनुज्ञप्तिधारी या मण्डी समिति ई–ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर किए गए समस्त संव्यवहारों के लेखे अनुरक्षित करेगा / करेगी और, यथास्थिति, निदेशक या प्राधिकृत अधिकारी या प्रबन्ध निदेशक को ऐसी कालिक रिपोर्ट और विवरणियाँ, ऐसे समय पर और ऐसे प्ररूप में, जैसा विहित किया जाए, प्रस्तुत करेगा / करेगी।

42. ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म की अनुज्ञप्ति का स्थगन या रदद्करण.––निदेशक, कारणों को लिखित में अभिलिखित करके अध्यादेश और तद्धीन बनाए गए नियमों और उप–विधियों के किन्हीं उपबन्धों, दिए गए अनुदेशों, किए गए आदेशों का भंग विनिर्दिष्ट करते हुए, आख्यापक आदेश पारित करके, इस अध्याय के अधीन अनुज्ञप्ति को स्थगित या रद्द कर सकेगाः

परन्तु अनुज्ञप्ति के स्थगन या रदद्करण का कोई भी आदेश ऐसे अनुज्ञप्तिधारी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किए बिना पारित नहीं किया जाएगा।

43. ई–ट्रेडिंग की बाबत विवाद का परिनिर्धारण.––यदि ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्मों के अनुज्ञप्तिधारियों के मध्य या अनुज्ञप्तिधारियों और मण्डी समिति के मध्य उत्पन्न किसी विवाद का निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा पक्षकारों को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् तीस दिन के भीतर संक्षिप्त रीति में समाधान किया जाएगा।

44. राज्यान्तरिक / व्यापार संव्यवहार की बाबत विवाद का परिनिर्धारण.––यदि ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म पर राज्यान्तरिक संव्यवहार की बाबत कोई विवाद है, तो उसका निवारण, यथास्थिति, अनुज्ञप्तिधारियों की प्रबन्ध समिति या मण्डी समिति स्तर पर, सुलह की प्रक्रिया के माध्यम से और माध्यस्थम् या अन्यथा के माध्यम से सात कार्य दिवस के भीतर और विनश्वर उपज की दशा में तीन कार्य दिवस के भीतर किया जाएगा। यथास्थिति, प्रबन्ध समिति या मण्डी समिति मामले का निपटारा आख्यापक आदेश जारी करके करेगी।

45. अन्तर्राज्यान्तरिक व्यापार संव्यवहार की बाबत विवाद का परिनिर्धारण.––ई–ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म या किसी अन्य ऐसे प्लेटफॉर्म पर अन्तरराज्यिक व्यापार / संव्यवहार के कारण उत्पन्न किसी विवाद की दशा में सरकार, विधि के अधीन गठित ऐसे प्राधिकरण का भाग बनने के लिए प्रतिश्रुत कर अंशदान दे सकेगी।

अध्याय–7
व्यापार का विनियमन

46. कृषि उपज का विक्रय– संव्यवहार.––(1) समस्त कृषि उपज को साधारणतया इस अध्यादेश के अधीन मण्डी प्रांगणों, प्राइवेट–मण्डी प्रांगणों और ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्मों पर विक्रीत किया जाएगाः

परन्तु अधिसूचित कृषि उपज इस अध्यादेश के अधीन किसी अनुज्ञप्तिधारी के अन्य स्थानों पर भी विक्रीत की जा सकेगीः

परन्तु यह और कि इस उपधारा के उपबन्ध, पशुधन के क्रय या विक्रय के ऐसे अनधिक मूल्य, जो विहित किया जाए, पर लागू नहीं होंगे।

(2) कृषि उपज के संबंध में उपधारा (1) की कोई बात निम्नलिखित विक्रय और क्रय को लागू नहीं होगी, जिसमें,–

(क) उत्पादक द्वारा स्वयं किसी व्यक्ति को उसके घरेलू उपयोग हेतु यथाविहित सीमा की मात्रा तक किया गया विक्रय;

(ख) सिर पर उठाकर विक्रय के लिए लाया गया;

(ग) किसी छोटे व्यापारी द्वारा किया गया विक्रय और क्रय;

(घ) किसी प्राधिकृत उचित मूल्य की दुकान के व्यौहारी द्वारा भारतीय खाद्य निगम या केन्द्रीय / राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिए किसी अन्य अभिकरण या प्राधिकृत संस्था से किया गया क्रय; और

(ङ) ऐसी कृषि उपज का किसी सहकारी सोसाइटी को उससे अग्रिम प्राप्त करने के प्रयोजन के लिए अन्तरण।

(3) मण्डी प्रांगण(णों) और प्राइवेट मण्डी प्रांगणों में विक्रय के लिए लाई गई कृषि उपज की कीमत ई–नीलामी सहित निविदा बोली या खुली नीलामी या पराक्रामण की किसी अन्य पारदर्शी प्रणाली द्वारा निश्चित की जाएगी। विक्रेता से किसी भी प्रकार की कोई कटौती नहीं की जाएगी।

(4) इस प्रकार क्रय की गई समस्त कृषि उपज का तोल या माप या गणना ऐसे व्यक्ति द्वारा और ऐसी पद्धति द्वारा ऐसी रीति में की जाएगी जैसी विहित की जाए।

47. क्रय और विक्रय के निबन्धन और प्रक्रिया.––(1) दो व्यापारियों के मध्य वाणिज्यिक संव्यवहार में, सिवाय किसी अन्य व्यक्ति के जो मण्डी प्रांगणों में कृषि उपज का क्रय करता है, विक्रेता के पक्ष में ऐसे प्ररूप और रीति में, जो विहित किया जाए, तीन प्रतियों में करार निष्पादित करेगा। करार की एक–एक प्रति क्रमशः क्रेता, विक्रेता और मण्डी समिति द्वारा रखी जाएगी।

(2) (क) मण्डी प्रांगणों, प्राइवेट मण्डी प्रांगणों या ई–ट्रेडिंग प्लेटफॉर्मों पर संव्यवहारित कृषि उपज की कीमत विक्रेता को उसी दिन या अगले दिन संदत्त की जाएगी। कृषि उपज, यदि प्रत्यक्ष विपणन अनुज्ञप्तिधारी को विक्रीत की जाती है, का संदाय भी कृषक–विक्रेता को उसी दिन किया जाएगा;

(ख) यदि क्रेता खण्ड (क) के अधीन संदाय नहीं करता है तो वह विक्रेता को संदेय कृषि उपज की कुल कीमत का प्रतिदिन एक प्रतिशत की दर से पांच दिन के भीतर अतिरिक्त संदाय करने के लिए दायी होगा;

(ग) यदि क्रेता उपरोक्त खण्ड (क) और (ख) के अधीन विक्रेता को ऐसे क्रय की तारीख से पांच दिन के भीतर अतिरिक्त संदाय सहित संदाय नहीं करता है तो छठे दिन उसकी अनुज्ञप्ति रद्द की गई समझी जाएगी और उसे इस अध्यादेश के अधीन ऐसे रद्दकरण की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए कोई अनुज्ञप्ति प्रदान नहीं की जाएगी या प्रचालन करना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(3) कमीशन अभिकर्ता अपने मुख्य व्यापारी से संव्यवहारित कृषि उपज पर, उसके द्वारा उपज के भण्डारण में और प्रदान की गई अन्य सेवाओं पर उपगत समस्त व्ययों सहित यथा मूल्य के पांच प्रतिशत से अनधिक दर से अपना कमीशन वसूल कर सकेगाः

परन्तु सरकार समय–समय पर कमीशन की दर अधिसूचित करेगीः

परन्तु यह और कि कृषक–विक्रेता से कोई कमीशन संगृहीत नहीं की जाएगी।

48. मण्डी फीस का उद्ग्रहण.––(1) मण्डी समिति, चाहे राज्य के बाहर से या राज्य के भीतर से मण्डी प्रांगण(णों) में क्रीत कृषि उपज की बाबत क्रेता से ऐसी दर, जो अधिसूचित की जाए, किन्तु जो अविनश्वर कृषि उपज की दशा में संव्यवहारित उपज के यथा मूल्य के दो प्रतिशत से अनधिक होगी और विनश्वर कृषि उपज की दशा में यथा मूल्य के एक प्रतिशत से अनधिक होगी, मण्डी फीस का उद्ग्रहण और संग्रहण करेगीः

परन्तु इस धारा के अधीन विनिर्दिष्ट मण्डी फीस, चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो, जैसे उपकर, उपयोक्ता प्रभार, सेवा प्रभार आदि, राज्य के भीतर किसी मण्डी प्रांगण, प्राइवेट मण्डी प्रांगण, ई–ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म में दूसरी बार उद्गृहीत नहीं की जाएगीः

परन्तु इस प्रभाव का साक्ष्य सम्बद्ध व्यक्ति द्वारा दिया जाना है कि मण्डी फीस की लागू दर, राज्य में किसी मण्डी प्रांगण या प्राइवेट मण्डी प्रांगण या ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म में उस कृषि उपज पर, पहले ही संदत्त कर दी हैः

परन्तु यह और कि यदि कोई व्यक्ति कृषि उपज को यथा विहित प्रवेश द्वार की सीमा से आगे चिह्नित मण्डी क्षेत्र में या उससे बाहर बिना मण्डी फीस का संदाय किए विक्रय के प्रयोजन के लिए ले जाते हुए पाया जाता है तो इसे चिह्नित मण्डी क्षेत्र में क्रय या विक्रीत किया गया समझा जाएगा। ऐसी स्थिति में, प्रसंस्कृत या अप्रसंस्कृत उपज के बाजार मूल्य की दुगुनी मण्डी फीस उद्गृहीत और वसूल की जाएगीः

परन्तु यह और कि व्यापारियों के मध्य वाणिज्यिक संव्यवहार की दशा में मण्डी फीस विक्रेता व्यापारी द्वारा संगृहीत और संदत्त की जाएगीः

परन्तु यह और भी कि यदि क्रेता अनुज्ञप्तिधारी नहीं है और विक्रेता कृषक है तो मण्डी फीस के संदाय का दायित्व कमीशन अभिकर्ता का होगा जो मण्डी फीस को क्रेता से संगृहीत करेगा और उसे ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, मण्डी समिति के पास निक्षिप्त करेगा।

(2) मण्डी समिति उन यानों, जो मण्डी प्रांगण(णों) में प्रवेश करेंगे, पर ऐसी दर, जो अधिसूचित की जाए, से प्रवेश फीस उद्गृहीत और संगृहीत कर सकेगीः

परन्तु कृषक–विक्रेता से ऐसी कोई फीस उद्गृहीत और संगृहीत नहीं की जाएगी।

49. मण्डी समिति द्वारा उपयोक्ता प्रभार का उद्ग्रहण.––(1) इस अध्यादेश में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, मण्डी समिति, कृषि उपज की उस / उन मद (मदों) में व्यापार करना अनुज्ञात कर सकेगी जो अध्यादेश के अधीन विनियमन के लिए अधिसूचित नहीं की गई है / हैं।

(2) मण्डी समिति उपधारा (1) के अधीन यथा उपबंधित व्यापार अनुज्ञात करने के लिए उप–विधियों में यथा विनिर्दिष्ट, अविनश्वर संव्यवहारित कृषि उपज की दशा में यथा मूल्य का दो प्रतिशत से अनधिक और विनश्वर कृषि उपज की दशा में यथा मूल्य के एक प्रतिशत से अनधिक, उपयोक्ता प्रभार का संग्रहण कर सकेगी।

50. मण्डी फीस से छूट देने की शक्ति.––राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा और ऐसी शर्तों तथा निर्बंधनों, यदि कोई है / हैं, के अध्यधीन, जो इसमें विनिर्दिष्ट किए जाएं, ऐसी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट मण्डी प्रांगणों में विक्रय या क्रय के लिए लाए गए या विक्रीत किसी कृषि उपज को पूर्णतः या भागतः ऐसी अवधि,

जो इसमें विनिर्दिष्ट की जाए, के लिए मण्डी फीस के संदाय से छूट दे सकेगी। इस धारा के अधीन जारी की गई कोई अधिसूचना उस अवधि, जिसके लिए यह प्रवर्तन में रहती, के अवसान से पूर्व विखण्डित की जा सकेगी और ऐसे विखण्डन पर ऐसी अधिसूचना प्रवर्तन में नहीं रहेगी।

51. व्यापारियों से अन्यथा मण्डी कृत्यकारियों को अनुज्ञप्ति प्रदान करना या उसका नवीकरण करना.—— (1) इस अध्यादेश और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अध्यधीन, व्यापारी के सिवाय प्रत्येक व्यक्ति, जो मण्डी प्रांगण में कृषि उपज की बाबत कमीशन अभिकर्ता, तुलाईकार, मापक, हम्माल (माल चढ़ाने / उतारने वाला) या ऐसे अन्य मण्डी कृत्यकारी के रूप में प्रचालन की वाँछा रखता है, तो वह मण्डी समिति को ऐसे प्ररूप और रीति, जो विहित की जाए, में अनुज्ञप्ति प्रदान करने या उसका नवीकरण करने के लिए आवेदन करेगा।

(2) मण्डी समिति या इसका सचिव, यदि मण्डी समिति द्वारा इस प्रकार प्राधिकृत है, उपधारा (1) के अधीन किए गए आवेदन पर और ऐसी जाँच, जो यह उचित समझे, करने के पश्चात् अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगी / सकेगा या उसका नवीकरण कर सकेगी / सकेगा या निम्नलिखित किसी एक या अधिक कारण / कारणों के आधार पर ऐसी अनुज्ञप्ति प्रदान करने या उसका नवीकरण करने से इन्कार कर सकेगी / सकेगा,—

(क) यदि आवेदक अवस्यक या वास्तविक निवासी नहीं है;

(ख) यदि आवेदक अध्यादेश या तद्धीन बनाए गए नियमों या उप–विधियों के अधीन व्यतिक्रमी घोषित किया गया है;

(ग) यदि आवेदक अध्यादेश के अधीन दोषी पाया गया है;

(घ) यदि मण्डी समिति, बोर्ड, विभाग, कृषि विपणन निदेशालय से संबंधित कोई शोध्य आवेदक के विरूद्ध बकाया है; और

(ङ) कोई अन्य कारण, जो विहित किया जाए / किए जाएं।

(3) मण्डी समिति या इसका सचिव, यदि उपधारा (2) के अधीन इस प्रकार प्राधिकृत है, उपधारा (1) के अधीन प्राप्त आवेदन का ऐसी तारीख, जब आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है, से बीस दिन के भीतर निपटारा करेगी / करेगा।

स्पष्टीकरणः मण्डी समिति आवेदन की प्राप्ति की तारीख से पांच कार्य दिवस के भीतर आवेदन और इसके साथ संलग्न दस्तावेजों की छानबीन पर ऐसी तारीख, जब आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण पाया जाता है, से बीस कार्य दिवस के भीतर, यथास्थिति, अनुज्ञप्ति प्रदान करेगी या उसका नवीकरण करेगी; या इसके लिए कारणों को लिखित में अभिलिखित करके ऐसा करने से इन्कार कर सकेगी।

(4) उपधारा (3) के अधीन यथा विनिर्दिष्ट बीस कार्य दिवस की अवधि के अवसान पर यदि आवेदन का निपटारा नहीं किया जाता है तो अनुज्ञप्ति, यथास्थिति, प्रदान की गई या नवीकृत की गई समझी जाएगी।

(5) मण्डी समिति या इसका सचिव, यदि इस प्रकार प्राधिकृत है, कारणों को लिखित में अभिलिखित करके अध्यादेश, नियमों, उपविधियों के किन्हीं उपबन्धों, दिए गए अनुदेशों, किए गए आदेशों के भंग को विनिर्दिष्ट करते हुए आख्यापक आदेश पारित करके अनुज्ञप्ति को स्थगित कर सकेगा या उसको रद्द कर सकेगाः

परन्तु अनुज्ञप्ति के स्थगन या रद्दकरण के लिए कोई भी आदेश सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किए बिना पारित नहीं किया जाएगा।

52. एकीकृत एकल ट्रेडिंग अनुज्ञप्ति प्रदान करना या उसका नवीकरण करना.––(1) राज्य में किसी मण्डी प्रांगण, प्राइवेट मण्डी प्रांगण, किसान उपभोक्ता मण्डी प्रांगण और ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म या इस प्रयोजन के लिए चिह्नित किसी अन्य स्थान में व्यापारी के रूप में परिचालन के लिए निदेशक या उस द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऐसी रीति और प्ररूप, जो विहित किया जाए, में व्यापार करने के लिए प्रदान की जाने / नवीकृत की जाने वाली एकल अनुज्ञप्ति सम्पूर्ण राज्य को लागू होगी। मण्डी समिति द्वारा प्रदत्त विद्यमान व्यापारियों की अनुज्ञप्ति को, इस अध्यादेश के प्रारम्भ की तारीख से छह मास के भीतर निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा राज्यव्यापी एकल व्यापारी अनुज्ञप्ति में परिवर्तित किया जाएगा। तब तक मण्डी समितियों द्वारा प्रदत्त विद्यमान व्यापारी अनुज्ञप्ति ही राज्य व्यापी एकल व्यापारी अनुज्ञप्ति समझी जाएगी।

स्पष्टीकरण: प्राइवेट मण्डी अनुज्ञप्तिधारी या ऐसा अन्य अनुज्ञप्तिधारी या इसकी प्रबन्ध समिति, निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी एकीकृत एकल ट्रेडिंग अनुज्ञप्तिधारी को, ऐसे मण्डी प्रांगणों में प्रचालन अनुज्ञात करने के लिए रजिस्टर कर सकेगी।

(2) उपधारा (1) के अधीन व्यापारी के रूप में अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त करने या उसको नवीकृत करने की वांछा रखने वाला कोई व्यक्ति, निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को ऐसे प्ररूप में फीस सहित, जो विहित की जाए, आवेदन करेगा।

(3) इस अध्यादेश और इस निमित्त बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अध्यधीन, उपधारा (2) के अधीन आवेदन पर, निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी ऐसी जांच, जैसी उचित समझी जाए, करने के पश्चात् ऐसे प्ररूप में और ऐसी अवधि के लिए, जैसी विहित की जाए, अनुज्ञप्ति प्रदान कर सकेगा या उसका नवीकरण कर सकेगाः

परन्तु इस अध्यादेश और नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, ऐसी अनुज्ञप्ति को प्रदान करने या उसका नवीकरण करने के लिए अधिवास, क्रय या संग्रहण केन्द्र और न्यूनतम मात्रा की अनिवार्य अपेक्षा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

(4) इस धारा के अधीन निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी की गई अनुज्ञप्ति पर ऐसा यूनिकोड होगा, जैसा विहित किया जाए।

53. एकीकृत एकल व्यापार अनुज्ञप्ति का स्थगन या रद्दकरण.––(1) निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, ऐसी जांच, जैसी वह उचित समझे, करने पर और धारा 52 के अधीन ऐसे अनुज्ञप्तिधारी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् जारी की गई अनुज्ञप्ति को निम्नलिखित किन्हीं आधार(रों) पर स्थगित या रद्द कर सकेगा यदि,–

(क) अनुज्ञप्ति जानबूझकर दुर्व्यपदेशन या कपट द्वारा अभिप्राप्त की गई है;

(ख) अनुज्ञप्तिधारी स्वयं या अन्य अनुज्ञप्तिधारी (अनुज्ञप्तिधारियों) के साथ मिलकर, कोई कार्य करता है या किसी भी प्रकार की मण्डी में कृषि उपज के विपणन को जानबूझकर बाधा पहुंचाने, स्थगित करने या रोकने के आशय से मण्डी में अपने सामान्य कारबार को चलाने में परिवर्जन करता है जिसके परिणाम स्वरूप कृषि उपज का विपणन बाधित होता है, स्थगित होता है या रूक जाता है;

(ग) अनुज्ञप्तिधारी इस अध्यादेश या नियमों या उप–विधियों के किन्हीं उपबन्धों का उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है;

(घ) अनुज्ञप्तिधारी इस अध्यादेश या नियमों या विनियमों के अधीन दण्डनीय किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है;

(ङ) अनुज्ञप्तिधारी, दिवालिया हो गया है; या

(च) अनुज्ञप्तिधारी, ऐसे आधारों, जो विहित किए जाएं, पर किसी निरर्हता से ग्रस्त हो जाता है।

(2) इस धारा के अधीन अनुज्ञप्ति के स्थगन या रद्दकरण पर ऐसी अनुज्ञप्ति का धारक तत्काल ऐसी रीति, जैसी विहित की जाए, में इसे पृष्ठांकित किए जाने के लिए निदेशक या प्राधिकृत अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करेगा और ऐसे स्थगन या रद्दकरण के कारण किसी प्रतिकर या अनुज्ञप्ति फीस के सम्पूर्ण या उसके किसी भाग के प्रतिदाय या किसी अन्य धन के किसी दावे का हकदार नहीं होगा।

54. अंतरराज्यिक व्यापार हेतु एकीकृत एकल व्यापार अनुज्ञप्ति को मान्यता.––(1) इस अध्यादेश में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, राज्य किसी अन्य राज्य या संघ राज्य क्षेत्र द्वारा जारी यूनीकोडधारी एकीकृत एकल व्यापार अनुज्ञप्ति के धारक को, ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म या किसी अन्य फॉरमेट, जिस में विद्यमान मण्डी, जो प्रचालन में हो, पर व्यापारी के रूप में इसकी भौगोलिक अधिकारिता के भीतर यथा विहित व्यापार संव्यवहार करना अनुज्ञात कर सकेगा।

(2) ऐसा अनुज्ञप्तिधारी, राज्य जहां व्यापार का संव्यवहार हुआ है, में लागू दर पर मण्डी फीस और अन्य विपणन प्रभारों को ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, संदत्त करने के लिए दायी होगा।

(3) इस अध्यादेश और तद्धीन बनाए गए नियमों, उप–विधियों के किन्हीं उपबन्धों, किए गए अनुदेशों या दिए गए आदेशों के उल्लंघन की दशा में, यथास्थिति, निदेशक या मण्डी समिति सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् ऐसे अनुज्ञप्तिधारी को व्यापार के प्रयोजन के लिए इस अध्यादेश, नियमों, उप–विधियों के उपबंधों, किए गए अनुदेशों या दिए गए आदेशों के भंग या अतिक्रमण की गंभीरता के आधार पर कतिपय अवधि या सदैव के लिए काली सूची में डालेगा।

(4) निदेशक या मण्डी समिति अपनी–अपनी अधिकारिता, जहां उल्लंघन हुआ है, में उल्लंघन के स्वरूप और प्रकार का साक्ष्यों सहित ब्यौरा देते हुए संबधित अनुज्ञप्ति जारीकर्ता राज्य प्राधिकारी को उल्लंघनकर्ता के विरूद्ध आगे की उचित कार्रवाई हेतु समसामयिक प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकेगा।

55. प्राइवेट मण्डी प्रांगण, किसान उपभोक्ता मण्डी प्रांगण के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करना या उसका नवीकरण करना.––(1) कोई व्यक्ति, जो क्रमशः धारा 9, 10 और 11 के अधीन घोषित प्राइवेट मण्डी प्रांगण या किसान उपभोक्ता मण्डी प्रांगण या उप–मण्डी प्रांगण स्थापित करने की वांछा रखता है, तो वह, यथास्थिति, निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को, ऐसे प्ररूप और ऐसी रीति और ऐसी अवधि, जो विहित की जाए, किन्तु जो पांच वर्ष से कम न हो, में अनुज्ञप्ति प्रदान करने या उसे नवीकृत करने के लिए आवेदन करेगा।

(2) अनुज्ञप्ति प्राधिकारी द्वारा उपधारा (1) के अधीन अनुज्ञप्ति प्रदान करने या उसका नवीकरण करने के लिए प्राप्त आवेदन को, जांच के पश्चात् कारणों को लिखित में अभिलिखित करके, स्वीकार या अस्वीकार किया जा सकेगाः

परन्तु इस धारा के अधीन प्राप्त किया गया आवेदन निम्नलिखित शर्त(र्तों) पर अस्वीकार करने के लिए दायी होगा,–

(क) कि आवेदक अवस्यक है या वास्तविक नहीं है;

(ख) कि आवेदक को इस अध्यादेश, नियमों या उप–विधियों के अधीन व्यतिक्रमी घोषित किया गया है;

(ग) कि आवेदक के विरूद्ध मंडी समिति या बोर्ड या विभाग या कृषि विपणन निदेशालय से संबंधित कोई देय बकाया है;

(घ) कि संबधित प्राधिकारी का समाधान हो गया है कि आवेदक प्राइवेट मण्डी प्रांगण या किसान उपभोक्ता मण्डी प्रांगण की स्थापना के लिए अवसंरचनात्मक प्रत्यय पत्र, अनुभव या विनिधान के लिए पर्याप्त पूंजी या कोई अन्य अपेक्षाएं, जो विहित की जाएं, नहीं रखता है; और

(ङ) कोई अन्य कारण जो विहित किए जाएं।

(3) इस धारा के अधीन प्रदान की गई या नवीकृत की गई अनुज्ञप्ति, ऐसे निबंधनों और ऐसी शर्तों, जैसी विहित की जाएं के अध्यधीन होगी और अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति के निबंधन और शर्तें, जैसी विहित की जाएं, का पालन करने के लिए आबद्धकर होगा।

56. अनुज्ञप्ति का स्थगन या रद्दकरण.——(1) धारा 55 के उपबन्धों के अध्यधीन, अनुज्ञप्ति प्राधिकारी अनुज्ञप्तिधारी को कारणों को लिखित में संसूचित करके, अनुज्ञप्ति को स्थगित या रद्द कर सकेगा, यदि,–

(क) अनुज्ञप्ति जानबूझकर दुर्व्यपदेशन या कपट से प्राप्त की गई है;

(ख) अनुज्ञप्तिधारी या इसका प्रतिनिधि या उसकी ओर से उसकी अभिव्यक्त या विवक्षित अनुज्ञा से कार्य करने वाला कोई व्यक्ति अनुज्ञप्ति के किन्हीं नियमों, विनियमों और इसके निबन्धनों या शर्तों का भंग करता है;

(ग) अनुज्ञप्तिधारी स्वयं या अन्य अनुज्ञप्तिधारी के साथ मिल कर कोई कार्य करता है या मण्डी क्षेत्र में कृषि उपज के विपणन में जानबूझ कर उसमें बाधा डालने, उसे स्थगित करने या उसे रोकने के आशय से अपने सामान्य कारबार को कार्यान्वित करने से प्रविरत रहता है;

(घ) अनुज्ञप्तिधारी दिवालिया हो गया है;

(ङ) अनुज्ञप्तिधारी किसी ऐसी निरर्हता, जो विहित की जाए, से ग्रस्त हो जाता है; या

(च) अनुज्ञप्तिधारी इस अध्यादेश के अधीन किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है।

(2) इस धारा के अधीन अनुज्ञप्तिधारी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिए बिना किसी अनुज्ञप्ति को स्थगित या रदद् नहीं किया जाएगा।

(3) अनुज्ञप्ति प्राधिकारी आख्यापक आदेश पारित करके अनुज्ञप्तिधारी को अनुज्ञप्ति के स्थगन या रदद्करण को संसूचित करेगा।

57. प्रत्यक्ष विपणन के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान करना या उसका नवीकरण करना.——(1) कोई व्यक्ति जिसके अंतर्गत कृषक सहकारी, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) या प्रक्रमणक या निर्यातकर्ता है, कृषि उपज को मण्डी प्रांगण, प्राइवेट मण्डी प्रांगण से बाहर किसानों से प्रत्यक्षतया क्रय करने की वांछा रखता है तो वह, यथास्थिति, अनुज्ञप्ति प्रदान करने या नवीकृत करने के लिए निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को, ऐसे प्ररूप और ऐसी रीति में और ऐसी अवधि के लिए, जैसी विहित की जाए, आवेदन करेगा।

(2) प्रत्यक्ष विपणन के लिए आवेदन, ऐसी अनुज्ञप्ति फीस और प्रतिभूति या बैंक गारंटी, जैसी विहित की जाए, के साथ किया जाएगा।

(3) उपधारा (1) के अधीन अनुज्ञप्ति प्रदान करने या नवीकरण करने के लिए प्राप्त आवेदन को धारा 55 की उपधारा (2) के अनुसार कारण और रीति में यथावश्यक परिवर्तन सहित मंजूर या नांमजूर किया जा सकेगा।

(4) इस धारा के अधीन जारी की गई या नवीकृत की गई प्रत्यक्ष विपणन अनुज्ञप्ति ऐसे निबंधनों और शर्तों के अध्यधीन होगी, जैसी विहित की जाए; और अनुज्ञप्तिधारी उनका पालन करने को आबद्धकर होगा। अनुज्ञप्तिधारी इस अध्यादेश और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों का भी पालन करेगा।

58. प्रत्यक्ष विपणन अनुज्ञप्ति का स्थगन या रदद्करण.——धारा 12 के उपबन्धों के अध्यधीन, अनुज्ञप्ति प्राधिकारी, जिसने अनुज्ञप्ति जारी की है, धारा 57 के अधीन प्रदान की गई या नवीकृत की गई अनुज्ञप्ति को धारा 56 के अनुसार कारण और रीति में यथावश्यक परिवर्तनों सहित स्थगित या रद्द कर सकेगा।

59. तदर्थ थोक क्रेता का रजिस्ट्रीकरण.––कोई व्यक्ति जो धारा 57 के अधीन विधिमान्य अनुज्ञप्ति के बिना भी या तो मण्डी प्रांगण से या मण्डी प्रांगण के बाहर से दिन–प्रतिदिन आधार पर स्वयं के उपभोग के लिए थोक क्रय करने की वांछा रखता है, तो वह सम्बद्ध मण्डी समिति के पास, ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, स्वयं को रजिस्टर करवा सकेगा,–

(क) ऐसा क्रेता रजिस्ट्रीकरण करवाते समय या तत्पश्चात् क्रय करने से पूर्व, क्रय करने का स्थान और दिवस विनिर्दिष्ट करेगा;

(ख) मण्डी प्रांगण में किए गए ऐसे क्रय की दशा में, क्रेता मण्डी समिति को लागू दर से मण्डी फीस संदाय करने के लिए दायी होगा और मण्डी प्रांगण के बाहर से क्रय करने पर क्रेता मण्डी समिति को लागू मण्डी फीस का तीन–चौथाई संदाय करेगाः

परन्तु ऐसे थोक क्रय संपूर्ण राज्य में एक मास में तीन से अधिक बार नहीं किए जा सकेंगे।

60. मण्डी प्रांगण(णों) की बाबत विवाद का परिनिर्धारण.––अनुज्ञप्तिधारियों के मध्य प्रत्यक्ष विपणन के लिए प्राइवेट–मण्डी प्रांगण, किसान–उपभोक्ता मण्डी प्रांगण, उप–मण्डी प्रांगण या अनुज्ञप्तिधारियों और मण्डी समिति(यों) के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होने पर, निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा पक्षकारों को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् संक्षिप्त रीति में तीस दिन के भीतर समाधान किया जा सकेगा।

61. अपील.––(1) मण्डी समिति या प्राइवेट–मण्डी प्रांगण, किसान उपभोक्ता मण्डी प्रांगण, उप–मण्डी प्रांगण की प्रबन्ध समिति, ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति, ऐसे आदेश की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन के भीतर, निदेशक या इसके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी को, ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, अपील कर सकेगा। अपीलीय प्राधिकारी पक्षकारों को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् तीस दिन के भीतर अपील का निपटारा करेगा।

(2) निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति, ऐसे आदेश की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन के भीतर, सरकार या इसके द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत अधिकारी को ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति, जैसी विहित की जाए, में अपील कर सकेगा। अपीलीय प्राधिकारी पक्षकारों को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् तीस दिन के भीतर अपील का निपटारा करेगा।

(3) अपीलीय प्राधिकारी, यदि ऐसा करना आवश्यक समझे, तो वह उस आदेश पर, जिसके विरूद्ध अपील की गई है, ऐसी अवधि के लिए, जैसी वह उचित समझे, किन्तु उपधारा (2) में यथा उपबंधित अपील के निपटान की अवधि से अनधिक स्थगन आदेश दे सकेगा।

(4) इस धारा के अधीन अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपील में पारित आदेश अंतिम होगा और सभी पक्षकारों के लिए आबद्धकर होगा। अपीलीय प्राधिकारी द्वारा पारित ऐसा आदेश सिविल न्यायालय की डिक्री का बल रखेगा और ऐसी हैसियत से प्रवर्तनीय होगा।

62. सिविल न्यायालयों पर अधिकारिता का वर्जन.––किसी भी सिविल न्यायालय को किसी प्रश्न या किसी तथ्य, जिस पर इस अध्यादेश के अधीन या द्वारा निपटाया जाना, विनिश्चित किया जाना या उस पर विचार किया जाना अपेक्षित है, को निपटाने, विनिश्चय करने या उस पर विचार करने की अधिकारिता नहीं होगी।

अध्याय–8
बजट और मण्डी समिति निधि

63. बजट तैयार करना और उसकी मंजूरी.––(1) प्रत्येक समिति आगामी वर्ष के लिए अपनी आय और व्यय का बजट ऐसी रीति और ऐसे प्ररूप तथा ऐसी अवधि, जैसी विहित की जाए, के भीतर तैयार और पारित

करेगी और इसे बोर्ड के प्रबन्ध निदेशक को प्रस्तुत करेगी जो इसे बोर्ड के समक्ष अनुमोदन के लिए रखेगा। बोर्ड बजट को, इसके प्राप्त होने की तारीख से एक मास के भीतर, उपांतरण सहित या उपांतरण के बिना अनुमोदित करेगा।

(2) समिति वर्ष के दौरान किसी भी समय, जिसके लिए बजट मंजूर किया गया है, पुनरीक्षित या अनुपूरक बजट उसी रीति में, मानो यह मूल बजट है, पारित और मंजूर करवाएगी।

(3) मण्डी समिति द्वारा किसी मद पर, यदि उसकी मंजूर बजट में कोई व्यवस्था नहीं है, तब तक कोई भी व्यय उपगत नहीं किया जाएगा जब तक कि इसकी पूर्ति किसी अन्य शीर्ष के अधीन बजट से पुनर्विनियोजन द्वारा न की जा सके। पुनर्विनियोजन के लिए मंजूरी प्रबंध निदेशक से अभिप्राप्त की जा सकेगी, किन्तु एक मुख्य शीर्ष के अधीन लघु शीर्षों से पुनर्विनियोजन की दशा में पुनर्विनियोजन के लिए मंजूरी अपेक्षित नहीं होगी।

(4) बोर्ड सन्निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति देते समय स्वविवेक से निदेश दे सकेगा कि कार्यों का निष्पादन इसके आन्तरिक अभियांत्रिकी प्रकोष्ठ को उसकी क्षमतानुसार या सरकार के लोक निर्माण विभाग या सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत किसी अन्य अभिकरण को सौंपा जाएगा।

64. मण्डी समिति निधि.––(1) उपधारा (2) में यथा उपंबन्धित के सिवाय, मण्डी समिति द्वारा प्राप्त किया गया समस्त धन मण्डी समिति निधि के नाम से ज्ञात निधि में संदत्त किया जाएगा और इस अध्यादेश के अधीन या के प्रयोजनों के लिए मण्डी समिति द्वारा उपगत सभी व्यय उक्त निधि से चुकाए जाएंगे। मण्डी समिति के पास ऐसे व्यय की पूर्ति किए जाने के पश्चात् बचा हुआ कोई अतिशेष, ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, विनिहित किया जाएगा।

(2) मण्डी समिति द्वारा माध्यस्थम् फीस के रूप में या वाद से संबधित माध्यस्थम् कार्यवाहियों में खर्चों के लिए प्रतिभूति के रूप में या प्रतिभूति निक्षेप, भविष्य निधि के अंशदान के रूप में समिति द्वारा प्राप्त किया गया कोई धन या किसी कृषि उपज की बाबत संदाय के लिए या मण्डी कृत्यकारियों को यथा अपेक्षित संदेय प्रभार और मण्डी समिति द्वारा प्राप्त किया गया ऐसा अन्य धन, जो नियमों या उप–विधियों में यथा उपबंधित किया जाए, मण्डी समिति निधि का भाग नहीं होगा और उसे ऐसी रीति में रखा जाएगा, जैसी विहित की जाए।

(3) इस अध्यादेश में यथा उपबंधित के सिवाय, मण्डी समिति निधि में जमा धन की रकम और मण्डी समिति द्वारा प्राप्त अन्य धन किसी अनुसूचित राष्ट्रीयकृत बैंक या डाकघर बचत खाते या प्रबंध निदेशक के पूर्व अनुमोदन से किसी अन्य पद्धति में जमा किया जाएगा।

(4) प्रत्येक मण्डी समिति, बोर्ड द्वारा अनुरक्षित विपणन विकास निधि में अनुज्ञप्ति फीस, उपयोक्ता प्रभारों, विकास उपकर, जुर्माने और मण्डी फीस, जैसी विहित की जाए, से व्युत्पन्न इसकी आय का पच्चीस प्रतिशत बोर्ड की स्थापना के व्ययों को पूरा करने और इस अध्यादेश के अधीन बोर्ड को समनुदेशित कृत्यों के निष्पादन में उपगत व्ययों के लिए संदत्त करेगी।

65. मण्डी समिति निधि का उपयोग.––धारा 64 के उपबंधों के अध्यधीन, मण्डी समिति इस अध्यादेश के अधीन इसे न्यस्त कृत्यों के निर्वहन और कर्तव्यों के पालन के आशय से मण्डी समिति निधि का उपयोग कर सकेगी। इस उपबंध की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मण्डी समिति निधि का उपयोग निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए किया जा सकेगा, अर्थात्:–

(क) मण्डी प्रांगण / प्रांगणों की स्थापना, अनुरक्षण और सुधार;

(ख) मण्डी प्रांगण के प्रयोजन के लिए और मण्डी प्रांगण का उपयोग करने वाले व्यक्तियों की सुविधा या सुरक्षा के प्रयोजन के लिए आवश्यक भवनों का सन्निर्माण और उनकी मरम्मत;

(ग) मानक भार और माप का अनुरक्षण;

(घ) मण्डी समिति द्वारा नियोजित अधिकारियों और सेवकों की भविष्य निधि, पेंशन और उपदान के लिए संदायों और अंशदानों सहित स्थापना प्रभारों की पूर्ति;

(ङ) मण्डी समिति के कर्मचारियों को ऋण और अग्रिम;

(च) उन ऋणों, जो मण्डी प्रांगण(णों) के विकास और कार्य योजना में यथा सम्मिलित अन्य कार्यों के प्रयोजनार्थ लिए गए हैं, पर ब्याज का संदाय और ऐसे ऋणों की बाबत निक्षेप निधि की व्यवस्था;

(छ) फसल आंकड़ों से सम्बन्धित जानकारी का संग्रहण और प्रसार तथा कृषि उपज का दक्ष विपणन;

(ज) मण्डी समिति के लेखों की संपरीक्षा में उपगत व्यय;

(झ) मण्डी समिति के पदेन सदस्य (सदस्यों) के सिवाय, अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के मानदेय, यात्रा भत्ते और बैठक फीस, जैसी विहित की जाए, का संदाय;

(ञ) बोर्ड द्वारा अनुरक्षित विपणन विकास निधि में अंशदान;

(ट) परिवहन और अन्य संभार तंत्र सहित कृषि विपणन के विकास के लिए किसी स्कीम हेतु अंशदान;

(ठ) श्रेणीकरण, मानकीकरण और गुणवत्ता प्रमाणीकरण जैसी सेवाओं और इसके आनुषंगिक क्रियाकलापों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना;

(ड) कृषि उपज के विपणन के विकास में अनुसंधान, पत्रिकाओं, प्रकाशनों, कार्यशालाओं, सेमीनारों, विधिक व्ययों, माध्यस्थम् आदि; विस्तार और प्रशिक्षण पर उपगत किए जाने वाले समस्त व्यय;

(ढ) गिरवी वित्तपोषण और विपणन साख के संवर्धन पर उपगत व्यय;

(ण) कृषि उपज के पश्च सलवन हथालन की अवंसरचना, शीतागार भण्डार, शीतलनपूर्व सुविधाओं, पैक गृहों और आधुनिक विपणन प्रणाली के विकास के लिए समस्त ऐसी अवसंरचना का स्वयं या लोक–प्राइवेट भागीदारी द्वारा सृजन और उसका / उनका उन्नयन करना; और

(त) इस अध्यादेश के अधीन कृषि उपज के विपणन के संबंध में किन्हीं अन्य प्रयोजन(नों) जिन पर मण्डी समिति निधि का व्यय प्रबन्ध निदेशक की पूर्व मंजूरी के अध्यधीन लोकहित में है।

अध्याय–9
हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड का गठन

66. हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की स्थापना.––(1) सरकार, मण्डियों और विपणन अवसंरचनाओं और उनसे आनुषंगिक सेवाओं के समन्वय और विकास से संबंधित क्रियाकलापों के परिवचन के लिए तथा इस अध्यादेश के अधीन या द्वारा प्रदत्त या न्यस्त ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करने और ऐसे कृत्यों का अनुपालन करने के लिए भी हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की स्थापना और गठन करेगी।

(2) बोर्ड एक निगमित निकाय होगा जिसका शाश्वत् उत्तराधिकार होगा और सामान्य मुद्रा होगी और यह अपने निगमित नाम से वाद ला सकेगा या उसके विरूद्ध वाद लाया जा सकेगा और वह जंगम तथा स्थावर दोनों प्रकार की सम्पत्ति धारण करने तथा ऐसी किसी सम्पत्ति को पट्टे पर देने, उसका विक्रय करने

या संविदा करने से अन्यथा उसे अन्तरित करने और उस प्रयोजन के लिए आवश्यक सभी कार्य करने, जिनके लिए इसकी स्थापना की गई है, के लिए सक्षम होगा।

67. बोर्ड का गठन.––बोर्ड का एक अध्यक्ष होगा जिसे राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा जिसमें उपाध्यक्ष सहित बीस सदस्य होंगे जिनमें से दस पदेन सदस्य और दस गैर–सरकारी सदस्य होंगे, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा निम्नलिखित रीति में नामनिर्दिष्ट किया जाएगा, अर्थात्:–

(क) पदेन सदस्य,–

(i) सचिव (कृषि), जो उपाध्यक्ष भी होगा;
(ii) सचिव (वित्त) या उसका नामनिर्देशिती जो अवर सचिव की पंक्ति से नीचे का न हो;
(iii) सचिव (पशुपालन) या उसका नामनिर्देशिती जो अवर सचिव की पंक्ति से नीचे का न हो;
(iv) सचिव (वन) या उसका नामनिर्देशिती जो अवर सचिव की पंक्ति से नीचे का न हो;
(v) निदेशक कृषि, हिमाचल प्रदेश;
(vi) निदेशक उद्यान, हिमाचल प्रदेश ;
(vii) भारत सरकार का कृषि विपणन सलाहकार या उसका नामनिर्देशिती जो अवर सचिव की पंक्ति से नीचे का न हो;
(viii) कृषि एवं ग्रामीण विकास राष्ट्रीय बैंक शिमला का मुख्य महाप्रबंधक;
(ix) रजिस्ट्रार सहकारी सोसाइटी; और
(x) बोर्ड का प्रबन्ध निदेशक, जो सदस्य–सचिव भी होगा।

(ख) गैर–सरकारी सदस्य,–

(i) समितियों के अध्यक्षों में से दो होंगे;
(ii) कृषकों में से तीन होंगे;
(iii) एक मण्डी प्रांगण(णों) के अनुज्ञप्तिधारियों में से होगा;
(iv) एक प्राइवेट मण्डी प्रांगण(णों) या उप–मण्डी प्रांगण या प्रत्यक्ष विपणन या ई–ट्रेडिंग प्लेटफार्म के अनुज्ञप्तिधारियों में से होगा;
(v) एक सदस्य रजिस्ट्रीकृत कृषक उत्पादक कम्पनी या रजिस्ट्रीकृत सहकारी सोसाइटी में से होगा;
(vi) एक एकल एकीकृत अनुज्ञप्तिधारियों या अन्तरराज्यिक व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों में से होगाः और
(vii) एक कृषि विपणन में अनुभव रखने वाले विषेशज्ञों में से होगाः

परन्तु गैर–सरकारी सदस्य की रिक्ति, यदि कोई हो, यथासाध्य शीघ्र भरी जाएगी।

68. बोर्ड के अध्यक्ष और गैर–सरकारी सदस्यों की पदावधि.––बोर्ड का अध्यक्ष और गैर–सरकारी सदस्य राज्य सरकार के प्रसादपर्यन्त पद धारण करेंगे। समिति, जिससे बोर्ड के सदस्य नामनिर्दिष्ट हुए हैं, के अधिक्रमण की दशा में, सम्बद्ध सदस्य बोर्ड का सदस्य नहीं रहेगा।

69. बोर्ड के अध्यक्ष और गैर–सरकारी सदस्यों की निरर्हता.––कोई भी व्यक्ति बोर्ड का अध्यक्ष और गैर–सरकारी सदस्य नहीं होगा जो / जिसे,–

(क) किसी समय न्यायनिर्णीत दिवालिया है या हो गया है;

(ख) नैतिक अधमता से अन्तर्वलित किसी अपराध के लिए सरकार की राय में दोषसिद्ध ठहराया गया है / ठहराया जा चुका है; या

(ग) विकृतचित्त है और इस प्रकार सक्षम न्यायालय द्वारा घोषित किया गया है; या

(घ) इस अध्यादेश के अधीन किसी समय दोषी पाया गया है या पाया जा चुका है; या

(ङ) सरकार की राय में, सदस्य के रूप में अपनी स्थिति का इस प्रकार दुरूपयोग किया है, जिससे उसका बोर्ड में बने रहना जनसाधारण के हित में अहितकर है।

70. बोर्ड के अध्यक्ष और गैर–सरकारी सदस्यों के भत्ते.––बोर्ड के अध्यक्ष और गैर–सरकारी सदस्यों को इसकी बैठकों में उपस्थित होने और किसी अन्य कार्यों में उपस्थित होने के लिए विपणन विकास निधि से ऐसी बैठक फीस और भत्ते, जैसे सरकार द्वारा समय–समय पर नियत किए जाएं, संदत्त किए जाएंगे।

71. बोर्ड की शक्तियां और कृत्य.––(1) बोर्ड, इस अध्यादेश के उपबन्धों के अध्यधीन, निम्नलिखित कृत्यों का पालन करेगा और उसे ऐसे कार्य करने की शक्ति होगी जो इन कृत्यों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक या समीचीन हों,–

(क) मण्डी प्रांगणों और चिह्नित मण्डी क्षेत्रों के विकास के लिए ऐसी मण्डी समितियों द्वारा जिम्मा लिए गए कार्यक्रमों सहित मण्डी समितियों की कार्यप्रणाली और उनके अन्य कार्यकलापों का समन्वय करना;

(ख) मण्डी प्रांगणों में कृषि उपज के विकास के लिए राज्य स्तरीय योजना का जिम्मा लेना;

(ग) विपणन विकास निधि को प्रशासित करना;

(घ) लेखे अनुरक्षित करना और उन्हें ऐसे प्ररूप और ऐसी रीति, जैसी विहित की जाए, में संपरीक्षित करवाना;

(ङ) वर्ष की समाप्ति पर प्रत्येक वर्ष अपनी प्रगति रिपोर्ट, तुलनपत्र और परिसंपत्तियों और देनदारियों के विवरण को प्रकाशित करना और बोर्ड के प्रत्येक सदस्य और राज्य सरकार को इसकी प्रतियां भेजना;

(च) मण्डी समितियों को साधारणतया या किसी मण्डी समिति को विशिष्टतः उसकी अभिवृद्धि सुनिश्चित करने के दृष्टिगत निदेश देना;

(छ) इस अध्यादेश, नियमों और उपविधियों के अधीन इसके कृत्यों और कर्तव्यों का ऐसी रीति, जैसी विहित की जाए, में दक्ष निर्वहन के लिए अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द की आवश्यक संख्या नियोजित करना;

(ज) अपने अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द को वेतनमान, भत्ते, प्रोन्नति, छुट्टी वेतन अग्रिम, ऋण, उपदान, भविष्य निधि के लिए अंशदान को ऐसी रीति में, जैसी विहित की जाए, अनुज्ञात करना;

(झ) ऐसे अन्य कृत्य, जो सरकार द्वारा इसे न्यस्त किए जाएं; और

(ञ) बोर्ड में पृथक् विपणन विस्तार, विधिक प्रशासन, प्रवर्तन, आर्थिक और मण्डी आसूचना कक्ष और परियोजना कक्ष स्थापित करना।

(2) पूर्वगामी उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, बोर्ड के ऐसे कृत्यों के अन्तर्गत,–

(क) मण्डी प्रांगणों की स्थापना के लिए मण्डी समितियों द्वारा नए स्थलों के चयन के प्रस्तावों को ऐसी रीति, जैसी विहित की जाए, में अनुमोदित करना;

(ख) मण्डी प्रांगण(णों) और चिह्नित किए गए मण्डी क्षेत्रों में भी, यदि आवश्यक हो, अवसंरचना सुविधाओं का निर्माण करने, मुख्य मरम्मत करने, अनुरक्षण करने, परिवर्तन और उपांतरण करने के लिए प्रस्तावों का अनुमोदन करना;

(ग) मण्डी समिति द्वारा जिम्मा लिए गए विनिर्माण प्रोग्राम की योजनाओं और प्राक्कलनों की तैयारी में मण्डी समितियों का पर्यवेक्षण करना और मार्गदर्शन करना;

(घ) चिह्नित किए गए मण्डी क्षेत्र में अवसंरचना सुविधाओं का निर्माण, जैसे श्रेणीकरण, पैक हाऊसिज, भण्डारकरण, प्रसंस्करण, फसल कटाई के पश्चात् की अन्य प्राबन्धिक सुविधाओं आदि को करने के लिए प्रस्तावों का अनुमोदन करना;

(ङ) बोर्ड की निधि से प्रभार्य समस्त कार्यों का निष्पादन करना;

(च) लेखों को ऐसे प्ररूप, जैसे विहित किए जाएं, में अनुरक्षित करना और उन्हें ऐसी रीति, जैसी बोर्ड के विनियमों में अधिकथित की जाए, में संपरीक्षित करवाना;

(छ) वर्ष की समाप्ति पर प्रतिवर्ष अपनी प्रगति रिपोर्ट, तुलनपत्र और परिसंपत्तियों और देनदारियों का विवरण प्रकाशित करना; और बोर्ड के प्रत्येक सदस्य और सरकार को इसकी प्रतियां भेजना;

(ज) विपणन विकास, इंजीनियरी, विधि, वित्त, लेखे, संपरीक्षण, सूचना प्रौद्योगिकी और प्रशासनिक सुधारों के सुसंगत क्षेत्र में जब कभी अपेक्षित हो, परामर्शदाताओं और रज्जुमार्ग विशेषज्ञों को पारिश्रमिक पर लेना या नियुक्त करना;

(झ) किसी कृषि उपज के विनियमित विपणन से संबंधित मामलों पर जागरूकता सृजन अभियान के लिए आवश्यक प्रबन्ध करना और इसके लिए विपणन सुविधाओं का विकास करना;

(ञ) कृषि विपणन में सभी स्तरों पर प्रशिक्षित कार्मिक की मांग का निर्धारण करने के पश्चात् मण्डी समितियों और बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था करना;

(ट) विभिन्न मण्डी कृत्यकारियों, मण्डी समिति के सदस्यों और कृषकों आदि के लिए भारत सरकार के विपणन और निरीक्षण निदेशालय के किसी राष्ट्रीय स्तर के नोडल अभिकरण से आवश्यक शैक्षणिक सहायता के साथ कृषि विपणन में प्रशिक्षण के लिए महाविद्यालय या केन्द्रों में प्रशिक्षण कक्ष स्थापित करना;

(ठ) विपणन प्रौद्योगिकी और विस्तारी सेवाओं के अन्तरण के लिए बोर्ड में विपणन विस्तारी क्रियाकलापों की जिम्मेवारी लेना। यह देश के भीतर या बाहर प्रशिक्षण और कार्यशाला के लिए अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी कर सकेगा, किसी कृषि उपज के विपणन और विपणन के विकास के विनियमन से संबंधित मामलों पर प्रचार (प्रोपेगैन्डा) और प्रसार के लिए आवश्यक प्रबन्ध करना;

(ड) समुचित प्रौद्योगिकी के माध्यम से उपभोक्ताओं को कृषकों या उनके समूहों से जोड़ने के लिए सुविधाएं प्रदान करना;

(ढ) आगामी वर्ष के लिए बजट तैयार करने में सहायता करना;

(ण) इस अध्यादेश के प्रयोजनों के लिए मण्डी समिति को ऋण या अनुदान पर आर्थिक सहायता, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जैसी बोर्ड अवधारित करे, प्रदान करना;

(त) कृषि विपणन प्रवर्तन और उनके विनियमों से सम्बन्धित विषयों पर सेमीनारों, कार्यशालाओं, प्रदर्शनियों, प्रशिक्षण प्रोग्रामों, अभिदर्शन यात्राओं आदि का प्रबन्ध और आयोजन करना;

(थ) ऐसे अन्य कार्य करना जो मण्डी समितियों के सामान्य हित में हों या बोर्ड के दक्ष कार्यकरण के लिए अनिवार्य समझे जाएं;

(द) कृषि उपज के श्रेणीकरण और मानकीकरण, परख प्रयोगशालाएं स्थापित करने और ऑन–लाइन ट्रेडिंग और उसके आनुषंगिक कार्यकलापों के लिए अन्य अवसंरचनाओं के उन्नयन में मण्डी समिति को सुकर बनाना;

(ध) कृषि उपज के लिए बैरियर–मुक्त मण्डी विकसित करने के लिए ऑनलाइन ट्रेडिंग के उन्नयन हेतु संभार–तन्त्र सहायता प्रदान करना;

(न) सीमांत किसानों–कृषकों की सहायता करना, उनका संवर्धन करना और उनको आनुषंगिक सेवाएं तथा सहायता प्रदान करने की व्यवस्था करना या नीति (पॉलिसी) बनाना;

(प) श्रेणीकरण, मानकीकरण, पैकेजिंग, स्वतंत्र गुण प्रमाणीकरण, जैसा विहित किया जाए, से संबंधित मामलों सहित कृषि उपज के दक्ष विपणन के उन्नयन के लिए विपणन और निरीक्षण निदेशालय की तकनीकी सहायता से एक सलाहकार समिति का गठन करना;

(फ) व्यापार के उन्नयन के लिए अवसंरचना सुविधाएं और अन्य आनुषंगिक सहायक क्रियाकलापों का सृजन करना;

(ब) कृषि उपज और ई–ट्रेडिंग के श्रेणीकरण और मानकीकरण का संचालन और उन्नयन करना; और

(भ) राज्य में कृषि उपज के श्रेणीकरण, मानकीकरण और गुणवत्ता प्रमाणीकरण के उन्नयन के प्रयोजन के लिए ऐसे कृत्यों और कर्तव्यों, जैसे विहित किए जाएं, का पालन करने के लिए कृषि उपज विपणन मानक ब्यूरो का गठन करना।

72. अध्यक्ष की शक्तियां और कर्तव्य.––इस अध्यादेश के किन्हीं अन्य उपबन्धों के अधीन प्रदत्त शक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, बोर्ड का अध्यक्ष,–

(क) बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करेगा और ऐसी बैठकों के कारबार का संचालन करेगा;

(ख) विकासात्मक पहलुओं पर नजर रखेगा; और

(ग) ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, जो विहित किए जाएं।

73. बोर्ड की बैठक.––(1) बोर्ड अपने कारबार के संव्यवहार के लिए प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बार ऐसे स्थान, सामान्यतः बोर्ड के परिसर में और ऐसे समय पर बैठक करेगा, जैसा अध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष अवधारित करे।

(2) बोर्ड की समस्त कार्यवाहियां बोर्ड के अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक द्वारा अधिप्रमाणित की जाएंगी।

(3) बोर्ड कारबार का संचालन, ऐसी रीति, जैसी विनियमों द्वारा विहित की जाए, में करेगा।

74. गणपूर्ति.––बोर्ड की बैठक में कुल सदस्यों के एक–तिहाई से गणपूर्ति होगी। समस्त प्रश्न, जो बोर्ड की बैठक में इसके समक्ष उठाए जा सकेंगे, उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा अवधारित किए जाएंगे; और मतों की बराबरी की दशा में अध्यक्ष का निर्णायक मत होगाः

परन्तु यदि कोई बैठक गणपूर्ति के अभाव में स्थगित कर दी जाती है, तो उसी कारबार के संव्यवहार के लिए बुलाई गई अगली बैठक में गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

75. बोर्ड के कार्यों का अविधिमान्य न होना.––बोर्ड का कोई भी कार्य या कार्यवाहियां केवल इसके सदस्यों में से किसी रिक्ति के होने से या उसके गठन में किसी त्रुटि के कारण अविधिमान्य नहीं होंगी।

76. उप–समिति का गठन.––बोर्ड, इसके किन्हीं कर्तव्यों या कृत्यों का पालन करने के लिए या उसके आनुषंगिक किसी विषय पर परामर्श देने के लिए, तीन या उससे अधिक सदस्यों से गठित, जिसमें अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक या इसका कोई अधिकारी भी सम्मिलित होगा, उप समितियों का गठन कर सकेगा और इसके किन्हीं कर्तव्यों या कृत्यों, जिन्हें यह आवश्यक समझे, को ऐसी उप–समिति को प्रत्यायोजित कर सकेगा।

77. बोर्ड का अधीक्षण.––सरकार, बोर्ड और इसके अधिकारियों का अधीक्षण करेगी और उन पर नियंत्रण रखेगी और ऐसी जानकारी, जैसी यह आवश्यक समझे, मंगवा सकेगी और इसका समाधान हो जाने की दशा में कि बोर्ड उचित रूप में कार्य नहीं कर रहा है तो यह बोर्ड को स्थगित कर सकेगी और उस समय तक, जब तक कि नए बोर्ड का गठन नहीं हो जाता, बोर्ड के कृत्यों का प्रयोग करने के लिए ऐसी व्यवस्थाएं कर सकेगी, जैसी यह उचित समझेः

परन्तु बोर्ड का गठन इसके स्थगन की तारीख से छह मास के भीतर किया जाएगा।

78. शक्तियों का प्रत्यायोजन.––(1) राज्य सरकार नियम बनाने की शक्ति के सिवाय, इस अध्यादेश द्वारा या इसके अधीन इसको प्रदत्त या किन्हीं शक्तियों को बोर्ड को प्रत्यायोजित कर सकेगी।

(2) इस अध्यादेश के उपबन्धों के अध्यधीन, बोर्ड साधारण या विशेष आदेश द्वारा, बोर्ड के प्रबन्ध निदेशक या इसके द्वारा नियुक्त उप–समिति या बोर्ड के किसी अधिकारी को इस अध्यादेश के अधीन या इसके द्वारा इसे प्रदत्त किन्हीं शक्तियों और कर्तव्यों, जिन्हें यह उचित समझे, प्रत्यायोजित कर सकेगा।

(3) बोर्ड का अध्यक्ष या सदस्य सचिव, इस अध्यादेश के अधीन अपनी किन्हीं शक्तियों को बोर्ड के किसी अधिकारी को उनके कृत्यों और कर्तव्यों के दक्ष निर्वहन के लिए प्रत्यायोजित कर सकेगा।

79. बोर्ड के प्रबंध निदेशक, अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द की नियुक्ति.––(1) बोर्ड का एक प्रबन्ध निदेशक होगा, जिसे राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया जाएगा। वह बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी होगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन नियुक्त प्रबंध निदेशक बोर्ड के सदस्य–सचिव के रूप में भी कार्य करेगा।

(3) बोर्ड, सरकार के पूर्व अनुमोदन से वित्त, प्रशासन, कृषि, विपणन, योजना, प्रवर्तन, ग्रामीण कृषि विपणन, विधि, इंजीनियरी और तकनीक के क्षेत्र में व्यावसायिक पृष्ठभूमि और अनुभव वाले ऐसे अन्य अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द, जो अध्यादेश के अधीन अपने कर्तव्यों और कृत्यों के दक्षतापूर्ण निर्वहन के लिए आवश्यक हों, की नियुक्ति कर सकेगा।

(4) बोर्ड के समस्त अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द पर अधीक्षण और नियंत्रण प्रबंध निदेशक में निहित होगा।

80. प्रबंध निदेशक की शक्तियां और कृत्य.––प्रबन्ध निदेशक,–

(क) बोर्ड और समितियों के अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द पर कार्यपालक प्रशासन, संबंधित लेखों, अभिलेखों तथा कर्मचारियों की सेवाओं से संबंधित उनकी सेवा शर्तों सहित समस्त प्रश्नों के निष्पादन के मामलों में विहित प्रक्रिया के अनुसार पर्यवेक्षण और नियन्त्रण करेगा;

(ख) बोर्ड द्वारा विहित निदेश और प्रक्रिया के अनुसार बोर्ड के अधिकारी और कर्मचारिवृन्द की नियुक्ति करेगा;

(ग) बोर्ड द्वारा अनुरक्षित विपणन विकास निधि से कार्य की स्वीकृत मदों पर व्यय उपगत करेगा;

(घ) के पास वैसी ही शक्तियां होंगी, जैसी विभागाध्यक्ष को राज्य सरकार के वित्तीय नियमों के अधीन प्रदत्त की गई हैं और वह ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे अन्य कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, जैसे विहित किए जाएं;

(ङ) प्रशिक्षण, सेमिनारों, कार्यशालाओं, सम्मेलनों, अन्य विशेष समनुदेशनों के लिए कर्मचारिवृन्द को प्रतिनियुक्त करने और राज्य या राज्य से बाहर शासकीय दौरों तथा यात्राओं की पद्धति और उन पर होने वाले व्यय के नियन्त्रण और मंजूरी प्राधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करेगा;

(च) के पास कर्मचारियों को धारा 38 की उपधारा (3) के अधीन यथा उपबन्धित प्रतिनियुक्ति पर, स्थानांतरित करने की शक्ति होगी;

(छ) आपातकाल की दशा में, किसी कार्य का निष्पादन या बन्द करना और ऐसा कार्य करना जिसके लिए बोर्ड की मंजूरी अपेक्षित है, निर्दिष्ट करेगा;

(ज) बोर्ड का वार्षिक बजट तैयार करेगा;

(झ) बोर्ड की आन्तरिक संपरीक्षा के लिए व्यवस्था करेगा;

(ञ) बोर्ड की बैठकों की व्यवस्था करेगा और विहित प्रक्रिया के अनुसार बोर्ड की बैठकों की कार्यवाहियों का अभिलेख रखेगा;

(ट) ऐसे कदम उठाएगा, जो बोर्ड के विनिश्चयों के निष्पादन के लिए आवश्यक समझे जाएं;

(ठ) मण्डी समितियों द्वारा, चाहे उनकी अपनी निधियों से, या ऋण से या बोर्ड द्वारा या किसी अन्य अभिकरण से, उपलब्ध करवाए गए अनुदान से जिम्मा लिए गए निर्माण कार्य का निरीक्षण करेगा और सुधारात्मक उपाय करेगा;

(ड) मण्डी समितियों या बोर्ड के ऐसे कृत्यों, जो इस अध्यादेश या तद्धीन बनाए गए नियमों और उप–विधियों के अधीन अधिकथित उपबन्धों के प्रतिकूल हैं, की सरकार को रिपोर्ट भेजेगा; और

(ढ) ऐसे कदम उठाएगा, जो बोर्ड के कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए आवश्यक समझे जाएं।

81. विपणन विकास निधि.––(1) बोर्ड द्वारा या की ओर से प्राप्त किया गया समस्त धन विपणन विकास निधि के नाम से ज्ञात निधि में जमा किया जाएगा।

(2) उपधारा (1) के अधीन प्राप्त समस्त धन को अनुसूचित राष्ट्रीयकृत बैंक में या डाकघर बचत बैंक में या किसी अन्य पद्धति में जमा किया जाएगा।

(3) बोर्ड द्वारा किए गए सभी संदाय उक्त निधि में से चुकाए जाएंगे।

(4) बोर्ड, इस अध्यादेश के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए राज्य सरकार से धन उधार ले सकेगा या राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से,–

(क) किसी अन्य अभिकरण से उधार ले सकेगा; या

(ख) इसमें निहित किसी संपत्ति के प्राधिकार पर या इस अध्यादेश के अधीन इसे प्रोद्भूत होने वाली इसकी भविष्य में आय के भाग की प्रतिभूति पर, ऐसी रीति में जैसी विहित की जाए, डिबेंचर जारी कर सकेगा।

(5) (क) बोर्ड द्वारा विपणन विकास निधि का उपयोग इस अध्यादेश के अधीन इसको न्यस्त कृत्यों के निर्वहन के लिए किया जाएगा;

(ख) इस उपबंध की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना विपणन विकास निधि का निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा सकेगा, अर्थात्:–

(i) बोर्ड के प्रशासनिक व्यय का संदाय करने के लिए;

(ii) बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों के यात्रा और अन्य भत्तों का संदाय करने के लिए;

(iii) बोर्ड द्वारा उपगत विधिक और परामर्श व्यय का संदाय करने के लिए;

(iv) वित्तीय रूप से कमजोर मण्डी समितियों को विकास प्रयोजनों हेतु ऋण और अनुदान के रूप में सहायता देने के लिए;

(v) विपणन या कृषि उपज से संबंधित मामलों का प्रसार करने के लिए;

(vi) मण्डी समिति और बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा मण्डी कृत्यकारियों और कृषकों को भी प्रशिक्षण देने के लिए;

(vii) विपणन के विकास के लिए कार्यशालाएं, सेमीनार, प्रदर्शनियों आदि का आयोजन और व्यवस्था करने के लिए;

(viii) मण्डी प्रांगण(णों) में अवसंरचनात्मक सुविधाओं का और चिह्नित मण्डी क्षेत्र में भी आम मण्डी अवसंरचनात्मक सुविधाओं का संवर्धन और निर्माण करने के लिए;

(ix) कौशल विकास और प्रतिभूत वित्तपोषण क्रियाकलापों का दायित्व लेने के लिए;

(x) मण्डी सर्वेक्षण और अनुसंधान श्रेणीकरण और मानकीकरण, गुणवत्ता परख, कृषि उपज का गुणवत्ता प्रमाणन, ऑन–लाइन ट्रेडिंग और उससे संबंधित अन्य कार्यों के लिए;

(xi) बोर्ड के कर्तव्यों के निष्पादन के लिए पट्टे पर या अन्यथा भवनों या भूमि के अधिग्रहण या निर्माण या किराए पर लेने के लिए;

(xii) बोर्ड और विपणन समितियों की आंतरिक लेखापरीक्षा करवाने के लिए;

(xiii) चिह्नित मण्डी क्षेत्रों में कृषि उत्पादन के विपणन के लिए हाट बाजारों और किसान उपभोक्ता बाजारों का विकास करने के लिए; और

(xiv) इस अध्यादेश के अधीन या सरकार द्वारा यथा निदेशित बोर्ड को सौंपे गए कृत्यों के निष्पादन के लिए आवश्यक समझे गए किसी अन्य प्रयोजन के लिए।

82. बोर्ड का वार्षिक बजट.––(1) बोर्ड द्वारा आगामी वर्ष के लिए बोर्ड की वार्षिक आय और व्यय का प्राक्कलन तैयार किया जाएगा और प्रत्येक वर्ष फरवरी के प्रथम सप्ताह के अपश्चात् राज्य सरकार को मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा बजट की मंजूरी पर बोर्ड को इसके प्रचालन की शक्ति होगी।

(2) राज्य सरकार बजट को उसकी प्राप्ति की तारीख से एक मास के भीतर मंजूर करेगी या उसे वापस करेगी।

83. बोर्ड के लेखे, संपरीक्षा और वार्षिक रिपोर्ट.––(1) बोर्ड, प्रत्येक वर्ष में एक बार, ऐसे प्ररूप में और ऐसे समय पर, जैसा विहित किया जाए, पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान अपने कार्यकलापों के सही और पूर्ण लेखे दे कर वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा और उसकी एक प्रति राज्य सरकार को अग्रेषित करेगा।

(2) बोर्ड के लेखे, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग के परीक्षक द्वारा या ऐसे अन्य व्यक्ति या प्राधिकारी द्वारा, जिसे राज्य सरकार निदेशित करे, प्रत्येक वर्ष संपरीक्षित किए जाएंगे।

(3) जैसे ही बोर्ड के लेखे संपरीक्षित किए जाते हैं, बोर्ड संपरीक्षा रिपोर्ट की प्रति राज्य सरकार को भेजेगा।

(4) बोर्ड द्वारा उपधारा (3) के अधीन संपरीक्षा रिपोर्ट और उपधारा (1) के अधीन वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के शीघ्र पश्चात्, राज्य सरकार उक्त रिपोर्टों को राज्य विधान–मण्डल के पटल पर रखवाएगीः

परन्तु जब रिपोर्टें बजट सत्र में रखी जानी हों तो ये उक्त सत्र की प्रथम बैठक में सदन के पटल पर रखी जाएंगीः

परन्तु यह और कि वित्तीय वर्ष, जिससे रिपोर्टें संबंधित हैं, के समाप्त होने और रिपोर्टों को रखने की मध्यवर्ती अवधि छह मास से अधिक नहीं होगी।

अध्याय–10
निदेशक की नियुक्ति और उसकी शक्तियां और कृत्य

84. निदेशक की नियुक्ति.––सरकार, इस अध्यादेश और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन, अधिसूचना द्वारा, किसी अधिकारी को कृषि विपणन के निदेशक की ऐसी शक्तियों का प्रयोग करने या कृत्यों का पालन करने हेतु नियुक्त कर सकेगीः

परन्तु निदेशक, कृषि विपणन, बोर्ड के प्रबंध निदेशक का पद साथ–साथ धारण नहीं करेगा।

85. निदेशक की शक्तियां और कृत्य.––(1) इस अध्यादेश के उपबंधों के अध्यधीन, निदेशक, इस अध्यादेश के अधीन बोर्ड के प्रबंध निदेशक के लिए विहित से अन्यथा, ऐसी शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा और ऐसे कृत्यों का पालन कर सकेगा, जो इस अध्यादेश के उपबंधों के उचित निष्पादन को समर्थ बनाएगा। राज्य सरकार, निदेशक को, इस अध्यादेश के अधीन इसमें निहित किसी या समस्त विनियामक शक्तियों को प्रत्यायोजित कर सकेगी।

(2) विशिष्टतया और अध्यादेश के उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, निदेशक के कृत्यों के अंतर्गत निम्नलिखित होंगेः–

(क) किसी व्यक्ति को प्राइवेट मंडी प्रांगण, किसान उपभोक्ता मंडी प्रांगण, प्राइवेट मंडी उप–प्रांगण, ई–ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, संविदा खेती और प्रत्यक्ष विपणन को स्थापित करने या प्रचालित करने हेतु अनुज्ञप्ति प्रदान करना या उसका नवीकरण करना और प्रदान की गई अनुज्ञप्ति को स्थगित या रद्द करना;

(ख) राज्य के लिए एकीकृत एकल व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करना या उसका नवीकरण करना और उसे स्थगित या रद्द करना;

(ग) अंतरराज्यिक व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करना या उसका नवीकरण करना और उसे स्थगित या रद्द करना;

(घ) राज्य–अधिकारिता के भीतर अन्य राज्य द्वारा जारी अंतरराज्यिक व्यापार अनुज्ञप्ति के प्रचालन को काली सूची में डालना;

(ङ) चिह्नित मण्डी क्षेत्रों में विनियम का प्रवर्तन करना;

(च) अध्यादेश और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का उल्लंघन करने के लिए अभियोजन प्रारंभ करना;

(छ) अध्यादेश के उद्देश्यों के प्रभावी निष्पादन के लिए अध्यादेश और तद्धीन बनाए गए नियमों में संशोधन करने हेतु सरकार को सुझाव देना;

(ज) मण्डी समिति और बोर्ड के निर्वाचनों और उनसे संसक्त क्रियाकलापों के सामयिक और उचित संचालन के लिए कदम उठाना;

(झ) प्राइवेट मण्डी प्रांगण, किसान उपभोक्ता मण्डी प्रांगण, उप–मण्डी–प्रांगण, ई–ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म और प्रत्यक्ष विपणन की अनुज्ञप्तियों के लिए और एकल एकीकृत अनुज्ञप्ति तथा अन्तरराज्यिक व्यापार अनुज्ञप्ति के लिए विवाद समाधान प्राधिकारी के रूप में कार्य करना; और

(ञ) मण्डी समिति और प्राइवेट प्रांगण की प्रबन्ध समिति के किसी आदेश द्वारा व्यथित किसी व्यक्ति के लिए अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य करना।

86. परिक्रामी विपणन विकास निधि.––(1) निदेशक, मण्डी समिति द्वारा किए गए अभिदाय सहित प्राइवेट मण्डी प्रांगण, ई–ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, प्रत्यक्ष विपणन के अनुज्ञप्तिधारियों से अभिदाय के रूप में वसूल प्राप्तियों का लेखा रखने हेतु पृथक् परिक्रामी विपणन विकास निधि अनुरक्षित करेगा।

(2) निदेशक बोर्ड के परामर्श से, उपधारा (1) के अधीन इस प्रकार अनुरक्षित निधि का व्यय, सामान्य विपणन अवसंरचना, कौशल विकास, प्रशिक्षण, अनुसंधान और गिरवी वित्तपोषण और ऐसे अन्य क्रियाकलापों के विकास पर करेगा, जो राज्य में दक्ष विपणन प्रणाली का सृजन करने में सहायक हो।

87. निदेशक कार्यालय और कर्मचारिवृन्द.––(1) निदेशक सरकार की पूर्व मंजूरी से अध्यादेश या नियमों के अधीन यथा समनुदेशित ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन करने और ऐसे कृत्यों का पालन करने के लिए जिला स्तर पर कार्यालय स्थापित कर सकेगा।

(2) जिला स्तरीय कार्यालयों के प्रमुख ऐसी अर्हता और अनुभव वाले अधिकारी होंगे, जैसी सरकार अवधारित करे।

अध्याय–11
शास्ति

88. अधिनियम, नियम और उप–विधियों के उल्लंघन के लिए शास्ति.––कोई व्यक्ति जो इस अध्यादेश या किसी नियम या उप–विधियों के किसी उपबंध या तद्धीन जारी किसी आदेश का उल्लंघन करता है, साधारण कारावास, जो छह मास तक हो सकेगा या जुर्माने से, जो बीस हजार रुपए तक का हो सकेगा या दोनों से, दण्डनीय होगाः

परन्तु इस अध्यादेश के उपबंधों के निरंतर उल्लंघन की दशा में वह अतिरिक्त जुर्माने से, जो प्रथम दोषसिद्धि, जिसके दौरान उल्लंघन जारी रहता है, के पश्चात् प्रत्येक दिन के लिए एक सौ रुपए तक हो सकेगा, दण्डित किए जाने के लिए दायी होगा।

89. मण्डी देयों की वसूली.––जब कोई व्यक्ति इस अध्यादेश के अधीन किसी दण्डनीय अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया जाता है तो मजिस्ट्रेट किसी भी जुर्माने के अतिरिक्त, जो अधिरोपित किया जा सकेगा, इस अध्यादेश या तद्धीन बनाए गए नियमों या उप–विधियों के अधीन उससे देय फीस की रकम या किसी अन्य रकम की संक्षेपतः वसूली करेगा और मंडी समिति को इसका संदाय करेगा तथा स्वविवेकानुसार अभियोजन की लागत को भी वसूल कर सकेगा और मण्डी समिति को इसका संदाय करेगा।

90. अपराधों का संज्ञान.––निदेशक या इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी द्वारा या मण्डी समिति के सचिव या मण्डी समिति द्वारा इस निमित्त सम्यक् रूप से प्राधिकृत किसी अधिकारी या किसी व्यक्ति द्वारा की गई शिकायत के सिवाय कोई न्यायालय इस अध्यादेश या तद्धीन बनाए गए नियमों या किन्हीं उप–विधियों के अधीन दण्डनीय किसी अपराध का संज्ञान नहीं लेगा।

91. अपराध शमन करने की शक्ति.––(1) मण्डी समिति किसी व्यक्ति से जिसने इस अध्यादेश या नियमों या उप–विधियों के अधीन अपराध किया है या उस पर इसके किए जाने का युक्तियुक्त संदेह है तो ऐसे अपराध का शमन करके,–

(क) जहां अपराध, किसी फीस या इस अध्यादेश या तद्धीन बनाए गए नियमों या उप–विधियों के अधीन वसूलीय अन्य रकम के संदाय में असफलता या अपवंचन से होता है तो इस प्रकार वसूलीय फीस या अन्य रकम के अतिरिक्त फीस की रकम से या अन्य रकम से अन्यून धनराशि और फीस की रकम या अन्य रकम के दो गुणा से अनधिक स्वीकार कर सकेगी; और

(ख) अन्य मामले में बीस हजार रुपए से अनधिक धनराशि स्वीकार कर सकेगी।

(2) उपधारा (1) के अधीन किसी भी अपराध के शमन पर, ऐसे किसी अपराध की बाबत सम्बद्ध व्यक्ति के विरूद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की जाएगी या जारी नहीं रहेगी और यदि किसी न्यायालय में उस अपराध की बाबत उसके विरूद्ध कोई कार्यवाही पहले से ही संस्थित की गई है तो शमन से उसकी दोषमुक्ति हो जाएगी।

अध्याय–12
नियंत्रण

92. निरीक्षण, जांच और विवरणियां आदि को प्रस्तुत करना.––(1) निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत कोई अधिकारी,–

(क) मण्डी समिति के लेखों और कार्यालयों का निरीक्षण कर सकेगा या निरीक्षण करवा सकेगा;

(ख) किसी मण्डी समिति के मामलों की जांच कर सकेगा;

(ग) कोई विवरणी, विवरण, लेखे या रिपोर्टें, जिनको वह ऐसी समिति से देने के लिए उचित समझे, मांग सकेगा;

(घ) किसी मण्डी समिति से निम्नलिखित पर विचार करने की अपेक्षा कर सकेगा,–

(i) अवैधता या असमीचीनता या अनौचित्य के आधार पर कोई आक्षेप जो, किसी बात को किए जाने, जो ऐसी समिति द्वारा या की ओर से की जाने वाली है या की जा रही है, उसे विद्यमान प्रतीत होता है; या

(ii) कोई जानकारी जिसको देने में वह समर्थ है और जो उसको ऐसी समिति द्वारा कतिपय बात करने हेतु आवश्यक प्रतीत होती है; और युक्ति–युक्त समय के भीतर ऐसी बात करने या न करने के लिए कारण का कथन करते हुए उसके लिए लिखित उत्तर तैयार करना; और

(ङ) निदेश करेगा कि कोई बात जो की जाने वाली है या की जा रही है, उत्तर पर विचार किए जाने तक नहीं की जानी चाहिए और कोई बात जो की जानी चाहिए, किन्तु नहीं की जा रही है, ऐसे समय के भीतर की जानी चाहिए, जो वह निर्दिष्ट करे।

(2) जब इस धारा के अधीन किसी मण्डी समिति के कामकाज का अन्वेषण किया जाता है या इस अध्यादेश के अधीन निदेशक द्वारा किसी मण्डी समिति की कार्यवाहियों की परीक्षा की जाती है तो ऐसी समिति का अध्यक्ष, सचिव तथा सदस्य और समस्त अन्य अधिकारी तथा कर्मचारिवृन्द मण्डी समिति के कामकाज या कार्यवाहियों के संबंध में उनके कब्जे में ऐसी जानकारी देंगे, जिसकी निदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी अपेक्षा कर सकेगा।

(3) उपधारा (1) के अधीन किसी मण्डी समिति के कामकाज का अन्वेषण करने वाले किसी अधिकारी या इस अध्यादेश के अधीन किसी मण्डी समिति की कार्यवाही की परीक्षा करने वाले निदेशक या सरकार को मण्डी समिति के अधिकारी(यों) या सदस्य(यों) को समन करने, उनको हाजिर कराने तथा उसी माध्यम द्वारा, उसी रीति में, जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन सिविल न्यायालय के मामले में यथा उपबंधित है, उनको साक्ष्य देने हेतु और दस्तावेज पेश करने के लिए विवश करने की शक्ति होगी।

(4) जहां निदेशक के पास विश्वास करने के लिए कारण है कि किसी मण्डी समिति की बहियों और अभिलेखों से छेड़छाड़ करने या उनको विनष्ट करने की संभावना है या किसी मण्डी समिति की निधियों या संपत्ति का दुर्विनियोजन या दुरूपयोजन किए जाने की संभावना है तो निदेशक लिखित में उसके द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत किसी व्यक्ति को मण्डी समिति की ऐसी बहियों और अभिलेखों, निधियों और संपत्ति का अभिग्रहण करने और कब्जों में लेने के लिए निर्दिष्ट करते हुए आदेश जारी कर सकेगा तथा ऐसी बहियों, अभिलेखों, निधियों और संपत्ति की अभिरक्षा के लिए उत्तरदायी मण्डी समिति का अधिकारी इस प्रकार प्राधिकृत व्यक्ति को उनका परिदान करेगा / करेंगे।

93. मण्डी समिति का अधिक्रमण.——जहां निदेशक की स्वप्रेरणा से या प्रबंध निदेशक से रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् यह राय है कि मण्डी समिति अपने कृत्यों के पालन में या अपने कर्तव्यों के निर्वहन में विफल रही है या उसने इस अध्यादेश द्वारा या के अधीन प्रदत्त शक्तियों से अधिक का प्रयोग या दुरूपयोग किया है तो वह सरकार के पूर्व परामर्श से, राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में अधिसूचना द्वारा, मण्डी समिति का अधिक्रमण कर सकेगाः

परंतु अधिक्रमण का कोई आदेश तब तक पारित नहीं किया जाएगा, जब तक कि निदेशक द्वारा मण्डी समिति को उसके विरूद्ध किए गए अभिकथनों की बाबत सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर नहीं दिया गया हो।

94. मण्डी समिति के अधिक्रमण के परिणाम.——किसी मण्डी समिति को अधिक्रांत करते हुए अधिसूचना के प्रकाशन पर,–

(क) मण्डी समिति के अध्यक्ष और समस्त सदस्यों द्वारा अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से उनके पद रिक्त किए गए समझे जाएंगे; और

(ख) सरकार निदेश करेगी कि किसी नई मण्डी समिति के गठन हेतु कदम उठाए जाएं और जब तक यथा पूर्वोक्त कोई नई मण्डी समिति गठित नहीं की जाती है, तब तक निदेशक मण्डी समिति के कृत्यों का छह मास से अनधिक की अवधि के लिए, कार्यान्वित करने हेतु ऐसी व्यवस्था करेगा, जैसी वह उचित समझे तथा उस प्रयोजन के लिए, निदेश कर सकेगा कि इस अध्यादेश के अधीन मण्डी समिति और उसके अध्यक्ष के समस्त कृत्यों का पालन, शक्तियों का प्रयोग और कर्तव्यों का निर्वहन ऐसे व्यक्ति या प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा, जो निदेशक इस निमित्त नियुक्त करे तथा ऐसा व्यक्ति या प्राधिकारी, यथास्थिति, मण्डी समिति या अध्यक्ष समझा जाएगा।

95. निदेशक की निष्पादन को प्रतिषिद्ध करने की शक्ति.——(1) निदेशक, स्वप्रेरणा से या प्राप्त रिपोर्ट या शिकायतों पर, आदेश द्वारा मण्डी समिति या उसके अध्यक्ष या उसके किसी अधिकारी(यों) या सेवकों द्वारा पारित किसी संकल्प या किए गए आदेश के निष्पादन या इसके और निष्पादन को प्रतिषिद्ध कर सकेगा, यदि उसकी राय है कि ऐसा संकल्प या आदेश लोक हित पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है या उससे किन्हीं मण्डी प्रांगणों में कारबार को दक्षतापूर्वक चलाने में प्रतिबाधित होने की संभावना है या इस अध्यादेश या तद्धीन बनाए गए नियमों या उप–विधियों के उपबंधों के विरूद्ध है।

(2) जहां किसी संकल्प या आदेश का निष्पादन या अतिरिक्त निष्पादन उपधारा (1) के अधीन किए गए आदेश द्वारा प्रतिषिद्ध किया जाता है और जो प्रवर्तन में जारी है, वहॉ यदि निदेशक द्वारा ऐसा अपेक्षित है, तो मण्डी समिति का कर्तव्य ऐसी कार्रवाई करना होगा, जो मण्डी समिति करने की हकदार होगी, मानो संकल्प या आदेश कभी नहीं किया गया या पारित नहीं किया था और जो संकल्प या आदेश के अधीन अध्यक्ष या उसके किसी अधिकारी या सेवक को किसी बात को करने या करना जारी रखने से निवारित करने हेतु आवश्यक है।

96. मण्डी समिति की कार्यवाहियों को मंगवाने की शक्ति.—(1) निदेशक, किसी किए गए विनिश्चय या पारित आदेश की वैधता या औचित्य के रूप में, स्वप्रेरणा से या उसको किए गए आवेदन पर किसी मण्डी समिति की कार्यवाही मांग सकेगा और उसकी परीक्षा कर सकेगा तथा सरकार स्वप्रेरणा से या उसको किए गए आवेदन पर निदेशक की कार्यवाहियों को मांग सकेगी और उनकी परीक्षा कर सकेगी। यदि किसी मामले में निदेशक या सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि कोई ऐसा विनिश्चय या आदेश या कार्यवाही पुनः विचार हेतु उपांतरित, बातिल, प्रतिवर्तित या उसका परिहार किया जाना चाहिए तो वह या यह उस पर ऐसा आदेश, जैसा वह या यह उचित समझे, पारित कर सकेगा / कर सकेगीः

परन्तु इस धारा के अधीन सरकार को प्रत्येक आवेदन उस तारीख से, जब आवेदन से संबंधित विनिश्चय या आदेश आवेदक को संसूचित किया गया था, साठ दिन के भीतर प्रस्तुत किया जाएगाः

परन्तु यह और कि उसके द्वारा प्रभावित पक्षकारों को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किए बिना उपधारा (1) के अधीन कोई ऐसा आदेश पारित नहीं किया जाएगा।

(2) सरकार, उपधारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके निदेशक द्वारा किए गए विनिश्चय या पारित आदेश के निष्पादन को स्थगित कर सकेगी।

97. अध्यक्ष, सदस्यों और कर्मचारियों के हानि, अपशिष्ट या दुर्विनियोजन आदि के लिए दायित्व.—(1) यदि इस अध्यादेश के अधीन जांच या निरीक्षण के दौरान या संपरीक्षा के दौरान यह पाया जाता है कि कोई व्यक्ति, जिसको मण्डी समिति का प्रबंधन समनुदेशित किया गया है या किया गया था या मण्डी समिति के किसी मृतक, पूर्व या वर्तमान अध्यक्ष, सदस्य, सचिव या किसी अन्य अधिकारी या कर्मचारी या सरकार के किसी अधिकारी ने उससे संबद्ध किसी सकारात्मक मत या कार्यवाही में अनुमति देकर या सहमति देकर या भाग लेकर इस अध्यादेश या तद्धीन बनाए गए नियमों या उप–विधियों के उपबंधों के प्रतिकूल किसी प्रयोजन के लिए ऐसी समिति से संबंधित किसी धन के संदाय या उसकी या उसके नियन्त्रण के अधीन अन्य सम्पति का उपयोजन किया है या उसके लिए निदेश दिया है, या घोर उपेक्षा या अवचार द्वारा कोई कमी या हानि कारित की है या मण्डी समिति से संबंधित किसी धनराशि या अन्य संपत्ति का दुर्विनियोजन किया है या कपटपूर्वक प्रतिधारण किया है, तो निदेशक स्वप्रेरणा से या मण्डी समिति के आवेदन पर या तो स्वयं या इस निमित्त लिखित में आदेश द्वारा, सपंरीक्षा की रिपोर्ट की तारीख से एक वर्ष के भीतर, ऐसे व्यक्ति के आचरण की जांच करने के लिए, उसके द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत उसके अधीनस्थ किसी अधिकारी को, यथास्थिति, जांच या निरीक्षण के निदेश दे सकेगा।

(2) यदि उपधारा (1) के अधीन की गई किसी जांच पर निदेशक का समाधान हो जाता है कि तद्धीन किसी आदेश हेतु पर्याप्त आधार है तो वह ऐसे व्यक्ति से या मृत व्यक्ति की दशा में उसके विधिक प्रतिनिधि से, जो उसकी संपदा को अन्तर्निहित करता है, धन या संपत्ति और उसके किसी भाग को ऐसी दर पर ब्याज सहित प्रतिसंदत्त या प्रत्यावर्तित करने या अभिदाय और लागत या प्रतिकर को उस मात्रा तक संदत्त करने, जिसे वह उचित और साम्यापूर्ण समझे, अपेक्षा करते हुए आदेश कर सकेगाः

परन्तु इस उपधारा के अधीन तब तक कोई आदेश नहीं किया जाएगा जब तक कि सम्बद्ध व्यक्ति को मामले में सुनवाई का युक्ति–युक्त अवसर नहीं दिया जाता हैः

परन्तु यह और कि मृतक के विधिक प्रतिनिधि का दायित्व मृतक की संपत्ति के उस विस्तार तक होगा जो ऐसे विधिक प्रतिनिधि को विरासत में प्राप्त हुई है।

(3) उपधारा (2) के अधीन किए गए किसी आदेश द्वारा व्यथित कोई व्यक्ति, उसको आदेश की संसूचना की तारीख से तीस दिन के भीतर, सरकार को अपील कर सकेगा तथा पश्चात् कथित का आदेश अंतिम और आबद्धकर होगाः

परन्तु परिसीमा की अवधि की गणना करने में उस आदेश, जिसके विरूद्ध अपील की गई है, की प्रति अभिप्राप्त करने हेतु अपेक्षित समय को अपवर्जित किया जाएगा।

(4) उपधारा (2) या उपधारा (3) के अधीन पारित किसी आदेश को किसी भी न्यायालय में प्रश्नगत नहीं किया जाएगा।

(5) उपधारा (2) या उपधारा (3) के अधीन किया गया कोई आदेश, निदेशक के आवेदन पर स्थानीय अधिकारिता रखने वाले किसी सिविल न्यायालय द्वारा, उसी रीति में प्रवर्तित किया जाएगा, मानो कि वह उस न्यायालय की डिक्री हो या ऐसे आदेश द्वारा संदत्त किए जाने को निदेशित कोई राशि भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूल की जा सकेगी।

98. सरकार की अनुसूची को संशोधित करने की शक्ति.––सरकार अधिसूचना द्वारा अनुसूची में विनिर्दिष्ट कृषि उपज की किसी भी मद को उसमें जोड़ सकेगी या उसको संशोधित कर सकेगी या उसमें से हटा सकेगी और तदुपरि अनुसूची तद्नुसार संशोधित की गई समझी जाएगीः

परन्तु इस धारा के अधीन कोई अधिसूचना तीस दिन से अन्यून की अवधि के पूर्व प्रकाशन के बिना जारी नहीं की जाएगी।

99. सरकार की निदेश देने की शक्ति.––सरकार, बोर्ड, निदेशक और मण्डी समितियों को निदेश दे सकेगी, यथास्थिति, बोर्ड, निदेशक या मण्ड़ी समितियां ऐसे निदेशों, जैसे सरकार द्वारा जारी किए जाएं, का अनुपालन करने के लिए आबद्धकर होंगी।

100. बोर्ड या मण्डी समिति को देय रकम की वसूली.––किसी मण्डी समिति या निदेशक या बोर्ड को इस अध्यादेश या तद्धीन बनाए गए किसी नियम या उप–विधियों के उपबन्धों के अधीन किसी प्रभार, खर्चे, व्ययों, फीस, किराए के लेखे और किसी अन्य मद्दे देय कोई रकम भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूलीय होगी।

101. मण्डी समिति और बोर्ड के अध्यक्ष, सदस्य, अधिकारी और कर्मचारिवृन्द आदि का लोक सेवक होना.––किसी मण्डी समिति का अध्यक्ष, सदस्य, सदस्य–सचिव, अन्य अधिकारी और कर्मचारिवृन्द तथा बोर्ड और निदेशालय का अध्यक्ष, सदस्य, प्रबंध निदेशक, निदेशक, समस्त अधिकारी और कर्मचारिवृन्द भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 21 के अर्थ के अन्तर्गत लोक सेवक समझे जाएंगे।

102. सदभावपूर्वक की गई कार्रवाई के लिए संरक्षण.––इस अध्यादेश या तद्धीन बनाए गए नियमों या उप–विधियों के अधीन सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी भी बात के संबंध में कोई वाद, अभियोजन या विधिक कार्यवाहियां निदेशक या प्रबन्ध निदेशक या सरकार के किसी अधिकारी या बोर्ड या किसी मण्डी समिति के विरूद्ध या बोर्ड या किसी मण्डी समिति के किसी अधिकारी के या कर्मचारिवृन्द के विरूद्ध सरकार या निदेशक या प्रबंध निदेशक, ऐसे अधिकारी या ऐसी समिति के निदेशों के अधीन और के अनुसार कार्य करने वाले किसी व्यक्ति के विरूद्ध नहीं की जाएंगी।

103. नोटिस के अभाव में वाद का वर्जन.––इस अध्यादेश में किसी बात के अन्तर्विष्ट होते हुए भी, बोर्ड या निदेशक या मण्डी समिति के विरूद्ध जब तक कि आशयित वादी के वाद हेतुक, नाम और निवास–स्थान और अनुतोष, जिसका वह दावा करता है, का लिखित में कथन करते हुए नोटिस के पश्चात् आगामी दो मास के अवसान तक, जिसे इसके कार्यालय में परिदत्त या छोड़ न दिया गया हो, तब तक कोई वाद संस्थित नहीं किया जाएगा। प्रत्येक ऐसा वाद खारिज कर दिया जाएगा जब तक कि यह तथाकथित वाद हेतुक के प्रोद्भूत होने की तारीख से छह मास के भीतर संस्थित नहीं किया जाता है।

104. स्थानीय प्राधिकरण का सूचना और सहायता देने का कर्तव्य.––प्रत्येक स्थानीय प्राधिकरण का यह कर्तव्य होगा कि वह स्थानीय प्राधिकरण के क्षेत्र में और के बाहर, कृषि उपज के संचलन से संबंधित, इसके अधिकारियों के कब्जे में या उनके नियन्त्रणाधीन समस्त आवश्यक सूचना निदेशक या इस निमित्त प्राधिकृत इसके अधिकारियों को निःशुल्क प्रदान करे। प्रत्येक स्थानीय प्राधिकरण और चुंगी के संग्रहण से सम्बद्ध इसके अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द का यह भी कर्तव्य होगा कि वे इस अध्यादेश के अधीन मण्डी समिति के किसी अधिकारी को अपनी शक्तियों का प्रयोग करने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में समस्त सम्भव सहायता प्रदान करे।

अध्याय–13
नियम और उप–विधियां

105. नियम बनाने की शक्ति.––(1) सरकार, राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में अधिसूचना द्वारा पूर्ववर्ती प्रकाशन के पश्चात्, इस अध्यादेश के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी।

(2) इस अध्यादेश के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम बनाए जाने के पश्चात् यथाशक्यशीघ्र विधान सभा के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल दस दिन की अवधि के लिए रखा जाएगा, जो एक सत्र में या दो या दो से अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी और यदि उस सत्र के, जिसमें वह इस प्रकार रखा गया हो या उपरोक्त आनुक्रमिक सत्रों के अवसान से पूर्व विधान सभा नियम में कोई परिवर्तन करती है या विनिश्चय करती है कि नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात्, यथास्थिति, ऐसा नियम ऐसे परिवर्तित रूप में प्रभावी होगा या उसका कोई प्रभाव नहीं होगा। तथापि, ऐसे किसी परिवर्तन या बातिलीकरण से उस नियम के अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

106. विनियम.–– (1) बोर्ड अपने कार्यकलापों के प्रशासन के लिए, सरकार के पूर्व अनुमोदन से, ऐसे विनियम बना सकेगा जो इस अध्यादेश और तद्धीन बनाए गए नियमों से असंगत न हों।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे विनियमों में निम्नलिखित सभी या किन्हीं मामलों के लिए उपबंध किया जा सकेगा,–

(क) बोर्ड की बैठकें बुलाना और आयोजित करना, जब ऐसी बैठकें की जानी हों तो उनका समय और तारीख, ऐसी बैठकों में कार्य संचालन और इसकी गणपूर्ति के लिए आवश्यक व्यक्तियों की संख्या;

(ख) बोर्ड के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की शक्तियां और कर्तव्य;

(ग) बोर्ड के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के वेतन और भत्ते तथा सेवा की अन्य शर्तें;

(घ) बोर्ड की सम्पति का प्रबन्धन;

(ङ) बोर्ड की ओर से सम्पत्ति की संविदाओं और बीमों का निष्पादन;

(च) बोर्ड द्वारा लेखों का अनुरक्षण और तुलन–पत्र तैयार करना;

(छ) इस अध्यादेश के अधीन बोर्ड के कृत्यों को कार्यान्वित करने के लिए प्रक्रिया;

(ज) लोक उपापन पॉलिसी और वित्तीय नियमावली, मानव संसाधन प्रबन्धन, मण्डी विकास की पॉलिसियां, आबंटन, सिविल संकर्मों के ई–निविदाकरण आदि की विरचना; और

(झ) कोई अन्य विषय जिनके लिए विनियमों में उपबंध किया जाना या किया जा सकेगा।

107. उप–विधियां बनाने की शक्ति.––इस अध्यादेश और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अध्यधीन, बोर्ड, मण्डी प्रांगण की बाबत निम्नलिखित के लिए उप–विधियां बना सकेगा,–

(क) मण्डी समिति के कारबार के विनियमन के लिए;

(ख) मण्डी प्रांगण में व्यापार की शर्त के लिए;

(ग) अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द की शक्तियों का प्रत्यायोजन, उनके कर्तव्य और कृत्य, नियुक्ति, वेतन, दण्ड, पेंशन, उपदान, छुट्टी, छुट्टी भत्ता, उनके द्वारा किसी भी भविष्य निधि में किया गया अंशदान, जिसे ऐसे अधिकारियों और कर्मचारिवृन्द की प्रसुविधा के लिए स्थापित किया गया हो और उनकी सेवा की अन्य शर्तों के लिए;

(घ) उप–समिति, यदि कोई है, को शक्तियों, कर्तव्यों और कृत्यों के प्रत्यायोजन के लिए;

(ङ) व्यापारियों से अन्यथा मण्डी कृत्यकारियों, जिन्हें अनुज्ञप्ति लेना अपेक्षित है, के लिए;

(च) ई–ट्रेडिंग और इसके आनुषंगिक क्रियाकलापों और सेवाओं से संबंधित उपबन्धों को सामर्थ्यकारी बनाना और विनियमित करने के लिए; और

(छ) कोई अन्य विषय, जिसके लिए इस अध्यादेश के अधीन उप–विधियां बनाई जानी हैं या इस अध्यादेश और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उप–विधियां विरचित करना आवश्यक हो, के लिए।

अध्याय–14
प्रकीर्ण

108. कठिनाईयों को दूर करने की शक्ति.––यदि इस अध्यादेश के किन्हीं उपबन्धों को प्रभावी करने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो राज्य सरकार, आदेश द्वारा, कोई बात, जो इस अध्यादेश के उपबन्धों से असंगत न हो, जो इसे कठिनाई को दूर करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक या समीचीन प्रतीत हो, कर सकेगी और इस धारा के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश राज्य विधान मण्डल के पटल पर रखा जाएगाः

परन्तु इस धारा के अधीन इस प्रकार का कोई भी आदेश इस अध्यादेश के प्रारम्भ होने की तारीख से दो वर्ष की अवधि के अवसान के पश्चात् नहीं किया जाएगा।

109. निरसन और व्यावृत्तियां.––(1) हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकीय उपज विपणन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2005 का एतद्द्वारा निरसन किया जाता है।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी निरसित अधिनियम के अधीन की गई कोई कार्रवाई या बात इस अध्यादेश के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन की गई समझी जाएगी।

(3) जब तक सरकार अन्यथा निदेश न दे, विपणन बोर्ड या मण्डी समिति या इसके अध्यक्ष और सदस्य, निरसित अधिनियम के अधीन उनके कार्यकाल के अवसान तक या जब तक कि इस अध्यादेश के उपबंधों के अनुसार मण्डी समिति या विपणन बोर्ड का गठन नहीं कर लिया जाता, जो भी पूर्वतर हो, बने रहेंगे।

(4) हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकीय उपज विपणन सामान्य नियम, 2006, सिवाय इस विस्तार के कि इसके उपबंध इस अध्यादेश के उपबंधों के असंगत न हों, इस अध्यादेश के प्रारम्भ होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए या जब तक कि इस अध्यादेश के अधीन नए नियम नहीं बनाए जाते हैं, जो भी पूर्वतर हो, प्रवर्तन में रहेंगे; और इनका ऐसा प्रभाव होगा मानो कि ये इस अध्यादेश के तत्स्थानी उपबन्धों के अधीन बनाए गए हों।

अनुसूची

धारा 2 (य म) और धारा 98 देखें)

मद		अंग्रेजी नाम	हिन्दी नाम
1		2	3
1. अनाज	1.	पैडी	धान
	2.	राइस	चावल
	3.	व्हीट	गेहूं (कनक)
	4.	मेज़	मक्का
	5.	बारले	जौ
	6.	वकव्हीट	कूटू
	7.	व्हीट फ्लाउर	गेहूं का आटा (कनक का आटा)
	8.	मेज़ फ्लाउर	मक्की आटा
	9.	राइस फ्लाउर	चावल आटा
	10.	ऑरिजा सटिवा	चावल चिड़वा
	11.	ग्रैम फ्लावर	बेसन
	12.	व्हाइट फ्लावर	मैदा
	13.	ग्रेन्यूलेटिड व्हीट	सूजी
	14.	क्रैकड व्हीट	दलिया
	15.	ड्राइ डेटस	छुआरा
2. दालें	16.	पीजिन	अरहर
	17.	लैंटिल	मसूर
	18.	ब्लैक ग्राम	उड़द
	19.	ग्रीन ग्राम	मूंग
	20.	पीज ड्राई	मटर खुश्क
	21.	कॉउ पीज	लोभिया
	22.	पलसिज स्प्लिट	दाल दली
	23.	ग्रैम	चना
	24.	फ्रेंचबीन	राजमाह
	25.	हाःस ग्रैम	कुल्थ
	26.	मॉथबीन	
	27.	सोयाबीन	मटकी भठमाष
3. तिलहन	28.	मसटर्ड	सरसों
	29.	इंडियन रेप	तोरिया
	30.	लिनसीड	अलसी
	31.	ग्रांउडनट शेल्ड एण्ड अनशेल्ड	मूंगफली
	32.	सेसामम	तिल
4. फल	33.	मैंगो	आम
	34.	बैनाना	केला

35.	लीचीज	लीची
36.	स्वीट औरेंज	मालटा
37.	लैमन	नीम्बू
38.	ग्रेपस	अंगूर
39.	पोमेग्रेनेट–सीड	अनारदाना
40.	ऐप्पल	सेब
41.	औरेंज	संतरा
42.	पीच	आड़ू
43.	प्लम	आलू बुखारा (अलूचा)
44.	पियरज	नाशपाती
45.	ग्वावा	अमरूद
46.	चिलगोजा	नियोजा
47.	एपरीकाट	खुबानी
48.	परसीमन	जापानी फल
49.	वाटर मेलन	तरबूज
50.	वालनट	अखरोट
51.	आमंड	बादाम
52.	मस्कमेलन	खरबूजा
53.	पपाया	पपीता
54.	चेरी	चेरी
55.	किवी फ्रूट	किवी फल
56.	स्ट्राबेरी	स्ट्राबेरी
57.	सिट्रस स्पैशल	किनू
58.	सिट्रस स्पैशल	मौसम्बी
59.	ऑलिव	जैतून
60.	चैस्टनट	चैस्टनट
61.	फिग	अंजीर / फेगड़ा
62.	बेरि	बेर
63.	चीकू	चीकू सपोटा
64.	डेट पाम	खजूर
65.	केशूनट	काजू
66.	वालनट	अखरोट
67.	पॉमीग्रेनेट	अनार
68.	रेजिन	दाख, किशमिश
69.	कोकोनट	नारियल
70.	कोकोज न्यूसिफेरा	सूखा खोपा
71.	पाइनएपल	अनानास
72.	लोक्वॉट	लोकाट
73.	सिट्रस स्पैशल	गलगल
74.	आमंडस फाल	बादाम गिरी
75.	वालनट कःनल	अखरोट गिरी

	76.	जावा प्लॅम	जामुन
	77.	जैकफ्रूट	कठहल (जायका फल)
	78.	कसटड ऐप्पल	सीता फल
	79.	ग्रेपफ्रूट (सिटरस)	अंगूर
	80.	माइराबलन	आंवला
	81.	मॅलबॅरि	शहतूत (तूत)
	82.	——	करोंडा
5. सब्जियां	83.	पोटेटोज	आलू
	84.	अनियन ड्राई	प्याज (खुश्क)
	85.	ब्रिंजल	बैंगन
	86.	वाटल गुउड	घिया
	87.	लेडी फिंगर्ज	भिंडी
	88.	रेड गौर्ड	हलवा कददू
	89.	टोमैटो	टमाटर
	90.	कोलीफलावर	फूलगोभी
	91.	कैबेज	बंदगोभी
	92.	स्पौंज गौर्ड	घियातरोई
	93.	ग्रीन पीज	मटर हरी
	94.	फ्रेन्चबीन	फ्रासबीन
	95.	स्पिनेच	साग (पालक)
	96.	कैरट	गाजर
	97.	रैडिश	मूली
	98.	टरनिप	शलगम
	99.	टिंडा गौर्ड	टिंडा
	100.	यैम	जिमीकन्द
	101.	ऐरम	अरबी
	102.	टारो	कचालू
	103.	फेन्युग्रीक	मेथी हरी
	104.	कैपसिकम	शिमला मिर्च
	105.	बिटर गुउड	करेला
	106.	ऐश गुउड	पेठा
	107.	क्युकम्बर	खीरा
	108.	लेमन	नींबू
	109.	ब्रोकलि	ब्रोकली
	110.	मशरूम	खुम्ब
	111.	पासलि	अजमोद
	112.	बाटल गुउड	लौकी, घीया
	113.	बीट रूट	चुकंदर
	114.	कालकेसिया स्पैशल	घण्डयाली
	115.	पम्पीकन	कद्दू
	116.	क्यूक्बीटा	पण्डोल चिचिंडा
6. रेशा	117.	कॉटन जिनड एण्ड अनजिनड	कपास और रूई

7. पशु पालन उत्पाद और पशुधन	118.	बफलो, काउ, ऑक्स, हार्स आदि।	भैंस, गाय, बैल, घोड़ा आदि।
	119.	पोलटरी–ऐग्ज	अण्डा
	120.	शीप	भेड़
	121.	गोट	बकरी / बकरा
	122.	वूल	ऊन
	123.	बटर	मक्खन
	124.	मल्टिड बटर	घी
	125.	मिल्क	दूध
	126.	गोट मीट मटन	बकरी का गोश्त / मांस
	127.	फिश	मछली
	128.	चीज	पनीर
	129.	कर्ड	दही
	130.	खोआ	खोया
	131.	योगर्ट	लस्सी
	132.	पोर्क मीट	सूअर का मांस
	133.	अंगूरा वूल	खरगोश की ऊन
	134.	लैम्ज वूल	मेमने की ऊन
	135.	कश्मीरी वूल	पशमीना
	136.	ब्रायलर	मुर्गा का गोश्त
	137.	चिकन	अण्डे वाली मुर्गी का गोश्त
8. वासक, मसाले और अन्य।	138.	जिंजर	अदरक
	139.	गारलिक ड्राई	लहसुन (खुश्क)
	140.	चिलीज ड्राई एण्ड ग्रीन	सूखी या हरी मिर्च
	141.	टरमेरिक	हल्दी
	142.	कोरीएंडर	धनिया (खुश्क) और हरा
	143.	कार्डमम	छोटी इलायची
	144.	कार्डमम	बड़ी इलायची
	145.	सैफरन	केसर
	146.	असाफोईटिडा	हींग
	147.	टराचिर्स्पमम अम्मी	अजवाइन
	148.	साईजिगियम एटोमेटिकम	लौंग
	149.	ब्लैक पैपर	काली मिर्च
	150.	फनूग्रीक	मैथी खुश्क
	151.	सीनायन	दानचीनी
	152.	करि लीफ	कड़ी पत्ता
	153.	ग्रासियम	कसूरी मेथी
	154.	सिनामोमम तरनाला	तेजपत्ता
	155.	जिंजिबर ऑफिसिनेल	सौंठ
9. स्वापक पदार्थ	156.	टोबेको	तम्बाकू
10. औषधीय एवं	157.	अलो बाबाडेनसिस	घृतकुमारी

सुगन्धित पौध–प्रजातियां	158.	टिनोस्पोरा कोर्डीफोलिआ	गिलोय
	159.	सिजीगियम क्यूमिनी	जामुन
	160.	सेनटेला एसियाटिका	मण्डूकपर्णी
	161.	अकोनिटम हिटरोफाईलम	अतीस
	162.	फिलानथस यूरिनारिआ	भूमि आंवला
	163.	सीफेरूस सकारिथोसस	नागरमोथा
	164.	पलमबागो जेलांनिका	सिटरक रूट (जड़)
	165.	रूवोलफिआ सरपेनटिना	संर्पगंधा
	166.	विथानिया सोमनिफेरा	अश्वगंधा
	167.	बकोपा मोनिरी	ब्राह्मी
	168.	गलोरीयोसा सुपरवा	कालीहारी
	169.	गलिसीरीजा गलाबरा	मुलेट्ठी
	170.	स्टेविया	मीठी तुलसी
	171.	ऑसीमय सेंनक्टम	तुलसी
	172.	अस्पारेगस रेस्मोसस	शतावर
	173.	टरमिनालिआ चेबुला	हरड़
	174.	पोडोफाईलम हैक्सानड्रम	बन ककड़ी
	175.	नारडोस्टाचिस / जटामान्सी	जटामान्सी
	176.	वेलेनिआना वालीची	सुगंधवाला
	177.	पिकरोरिजा कुरोआ	कुटकी
	178.	रियूम इमाडी	रेवंड चीनी
	179.	बेरबेरीज अरिस्टाटा	दारूहल्दी
	180.	क्लोरोफाईटम बोरीविलिनम	सफेद मुसली
	181.	इनूला रेसमोसा	पुष्कर मूल
	182.	लेमन ग्रास	नींबू घास
	183.	लेवेन्डूला स्पीसीज	अधिक जीवित
	184.	डिस्कोरिया सिंगली	मिंगली
	185.	कमरू पत्ती / पत्तीस	पत्तीस
	186.	केटेचू	कथ्था (खैर)
	187.	एम्बलिका ऑफीसिनोलिस	आमला
	188.	सोसरीअलप्पा	कुठ
	189.	तरमीनालिया बेलिटीका	बहेड़ा
	190.	हेडचियूम एक्यूमिनाटम	कपूर कचरी
	191.	एकोस्स क्लामस	वच
	192.	सीनामोमम तमाला	तेजपत्र
	193.	अंगेलिका लयूका	चोरा
	194.	बेरजेनीआलिगूलाटा	पशमभेड़
	195.	डेक्टीलोरिजहाटागिरिया	सालम पंजा
	196.	डियोस्कोरियाडेलटिइडिया	सिंगलिमिंगली
	197.	हेराक्लेउमकेन्डीकंस	पतराला
	198.	मेलाक्सी साकुमिनाटा	रिश्भक
	199.	मेलाक्लीसमूसिफोरा	जीवक
	200.	पेरीस पोलिस्फाइला	कसीरकाकोली

	201.	पॉलीगोनाटमसिरहीफोलियम	महामेदा
	202.	वेरटिसेलाटम	मैदा
	203.	जेरानियम	––
	204.	वियोला स्पैशल	बनकहा (बनाखा)
	205.	विटेक्सनेगुनडो	निरगुण्डी
	206.	सिडाकोरडिफोलिया	बाला
	207.	सरकोरडीफोलिया	अशोक
	208.	मुकूनापरूरिनस	कौंच
	209.	रिसीनूसकोमूनिस / इरंड	अपवाद
	210.	स्पीलानथेसामेला	अकरकारा
	211.	मैंथा स्पैशल	पुदीना
	212.	अगलेमारमेलोस	विल्व
	213.	अंड्रोगराफीसपानी कूलाटा	कलमेघ
	214.	अलविजिलेवक	शिरीश
	215.	बहूहीनिया वेरीगेट	कचनार
11. पुष्प, गमले के पौधे और उनके बीज		(i) **कटे पुष्प**	
	216.	रोज	गुलाब
	217.	लोटस	कमल
	218.	हिबिस्कस	गुडाल (गुड़हर)
	219.	सन फ्लावर	सूरजमुखी
	220.	ओलिएन्डर	––
	221.	बॉलसम	गुल मेंहदी
	222.	मंगोलिया	चम्पा
	223.	नॉरकिसस	नरगिस
	224.	कारनेशन	लाल रंग का फूल
	225.	क्रिसाथीमन	गुलदाउदी
	226.	ग्रेबरा	जरबेरा
	227.	ग्लेडियोलस	ग्लैडियोलस
	228.	लिलियम	लिलि
	229.	टयूलिप	कन्दपुष्प
	230.	टयूबरोस	गहरा गुलाब
	231.	ऑकिड	आर्किड
	232.	अलस्ट्रोमिरिया	आलस्ट्रोमेरी
	233.	यूजटोमा	––
		(ii) **मुलायम पुष्प (लूज फ्लावर)**	
	234.	चाइना अस्टर	चीन का तार
	235.	क्रोसान्ड्रा	––
	236.	डहलिया	––
	237.	जेस्मीन	चमेली
	238.	क्लेन्डूला	–
	239.	मैरीगोल्ड	गैंदा (गेंदा)
	240.	जिनिया	जिनि

	241.	पेपर फ्लावर	——
	242.	गोम्फेरिना	——
	243.	गलैरडिया	——
	244.	जिप्सोफिला	——
		(iii) **गमले के पौधे**	
	245.	फ्लाउरिंग	——
	246.	ग्रीन फोलियज	——
12. विविध	247.	शूगरकेन	गन्ना
	248.	जैगरि और शूगर	गुड़ और शक्कर
	249.	——	खांडसारी
	250.	बार्क आफ वॉलनट	दंदासा
	251.	——	धूप
	252.	गुच्छी	गुच्छी
	253.	भावर ग्रास	भामर घास
	254.	टिम्बर	इमारती लकड़ी
	255.	हनी	शहद
	256.	कमेलीया सिनेनसीस	चाय
	257.	एडिबल ऑयलस	खाद्य तेल
	258.	कॉफी रोबुस्टा	कहवा

(बंडारू दत्तात्रेय)
राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश।

(यशवन्त सिंह चोगल)
प्रधान सचिव (विधि)।

शिमलाः
तारीखः....., 2020

———————

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

H.P. ORDINANCE NO. 2 OF 2020

THE HIMACHAL PRADESH AGRICULTURAL PRODUCE MARKETING (PROMOTION AND FACILITATION) ORDINANCE, 2020

Promulgated by the Governor of Himachal Pradesh in the Seventy-first Year of the Republic of India.

AN ORDINANCE to provide for geographically restriction-free trade transaction of agricultural produce across the State; to give freedom to the agriculturists to sell their produce across time and space; to enhance transparency in trade operations and price settlement mechanism through adoption of electronic and other innovative form of technology; to promote emergence of multiple channels for competitive marketing, agro-processing and agricultural export; to encourage investments in development of markets and marketing infrastructure in the State of Himachal Pradesh; and whereas it is expedient to put in place facilitative regulation, professional management and conducive policy framework therefor, and purposes connected therewith and to lay down procedures and systems thereto.

WHEREAS, the Legislative Assembly of Himachal Pradesh is not in session and the Governor of Himachal Pradesh is satisfied that the circumstances exist which render it necessary for him to take immediate action;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by clause (1) of article 213 of the Constitution of India, the Governor of Himachal Pradesh is pleased to promulgate the following Ordinance:—

CHAPTER-I
PRELIMINARY

1. Short title and commencement.—(1) This Ordinance may be called the Himachal Pradesh Agricultural Produce Marketing (Promotion and Facilitation) Ordinance, 2020.

(2) It shall come into force on such date as the State Government may, by notification in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh, appoint.

2. Definitions.—In this Ordinance, unless the context otherwise requires,-

(a) "agricultural produce" means all produce and commodities, whether processed or unprocessed of agriculture, horticulture, apiculture, sericulture, livestock and products of livestock, fleeces (raw wool) and skins of animals, forest produce and fisheries as are specified in THE SCHEDULE to this Ordinance or declared by the Government by notification under section 3 of this Ordinance, and also includes a mixture of two or more than two such products;

(b) "agriculturist" means a person who is a bonafide Himachali and owns and possesses agricultural land in Himachal Pradesh and who is engaged in production of agricultural produce by himself or by hired labour or otherwise, but does not include any market functionary;

(c) "aggregation centre" means aggregation centre declared as sub-market yard under section 11;

(d) "assaying lab" means a laboratory set up, as may be prescribed in the rules or bye-laws or guidelines or instructions by the Directorate of Marketing and Inspection, Government of India or any other Competent Authority so declared by the Government of India or the State Government as the case may be, for testing of quality parameters as per the tradable parameters or grade-standards or any other parameters;

(e) "Board" means the Himachal Pradesh State Agricultural Marketing Board, established by the State Government under section 66;

(f) "business" means purchase, sale, processing, value addition, storage, transportation and connected activities of agricultural produce;

(g) "buyer" means a person, a firm, a company or a Cooperative Society or Government Agency, Public Undertaking, Public Agency or Corporation, commission agent, who himself or on behalf of any other person or agent buys or agrees to buy agricultural produce in the notified market area;

(h) "bye-laws" subject to provisions of this Ordinance or any rule made by the State Government thereunder means bye- laws made by the Board, under section 107;

(i) "cold storage" means cold storage declared to function as sub-market yard under section 11;

(j) "cold atmospheric storage" means cold atmospheric(CA) storage as declared to function as sub-market yard under section 11;

(k) "collection centre" means collection centre as declared to function as sub-market yard under section 11;

(l) "commission agent" means a person who buys or sells agricultural produce on behalf of his principal, or facilitates buying and selling at primary and other level of transaction, on e-platform or any other mode of transaction and activities ancillary thereto, keeps it in his custody and controls it during the process of its sale or purchase, and collects payment thereof, if required, from the buyer and pays it to the seller, and receives by way of remuneration a commission or percentage upon the amount involved in such transaction;

(m) "delineated market area" means a geographical area notified under section 5 for the purpose of appointment or nomination or election of members of Market Committee, as the case may be; and undertaking marketing related development therein;

(n) "Director" means Director of Agricultural Marketing or any other officer, except Managing Director of State Agricultural Marketing Board, appointed by the State Government under section 84;

(o) "direct marketing" in relation to agricultural produce, means direct wholesale purchase of agricultural produce from the farmers by the processors, exporters, buyers etc. outside the market yard, private market yard under section 12;

(p) "e-trading" means trading of agricultural produce in which registration, auctioning, billing, booking, contracting, negotiating, information exchanging, record keeping and other connected activities are done electronically on computer network or internet;

(q) "e-trading platform" means electronic platform set up by Government or its agencies or a person licensed under section 40 for conducting trading in agricultural produce through electronic media or by any means of communication in which registration, buying and selling, billing, booking, contracting and negotiating are carried out online through computer network or internet or any other such electronic device;

(r) "export" means dispatch of agricultural produce outside India;

(s) "exporter" means a person who exports agricultural produce;

(t) "farmer-consumer market yard" means market yard established under section 10;

(u) "Farmer-Producer Company (FPC)" means a company of farmer-producer members as registered under the Indian Companies Act, 2013 (18 to 2013);

(v) "Farmers' Cooperative and Farmers' Producer Organization (FPO)" means an entity formed by primary producers, registered under any law in force for the purpose of this Ordinance;

(w) "Government or "State Government" means the Government of Himachal Pradesh;

(x) "Government Agency" means Himachal Pradesh State Agricultural Marketing Board, Directorate of Agricultural Marketing and Agricultural Produce Market Committee (APMC) established and constituted under this Ordinance;

(y) "import" means bringing agricultural produce from outside India;

(z) "importer" means a person who imports agricultural produce from outside India.

(za) "license" means license granted for the purpose of this Ordinance;

(zb) "licensee" means a person holding a license issued under this Ordinance;

(zc) "livestock" means cows, buffaloes, bullocks, bulls, goats and sheep, and includes poultry, fish and such other animal and products thereof as specified in THE SCHEDULE;

(zd) "Local Authority" means a Municipal Corporation constituted under the Himachal Pradesh Municipal Corporation Act, 1994 or a Municipal Council or a Nagar Panchayat constituted under of the Himachal Pradesh Municipal Act, 1994 or a Panchayat constituted under the Himachal Pradesh Panchayati Raj Act, 1994 or a Contonment Board or any other authority notified by the State Government for the purpose of this Ordinance;

(ze) "Managing Director" means Managing Director of the Himachal Pradesh State Agricultural Marketing Board, appointed by the State Government under section 79;

(zf) "Market Committee" means the Agricultural Produce Market Committee established under the provisions of this Ordinance;

(zg) "Marketing" in relation to agriculture produce means all activities involved in the flow of agricultural produce from production point, commencing at the stage of harvest till the same reaches the ultimate consumers viz. grading, processing, storage, transport, channels of distribution and all other functions involved in the process;

(zh) "market yard" in relation to delineated market area includes principal market yard and sub–market yard in such delineated market area notified by the Government and managed and operated by the Agricultural Produce Market Committee;

(zi) "market functionary" means a trader, a commission agent, buyer, hamal, processor, a stockist and any other person as may be declared by the State Government, by notification, to be a market functionary;

(zj) "National Agriculture Market (NAM)" means an integrated market, without prejudice to any law for the time being in force, where buying and selling of agricultural produce and activities incidental thereto, are carried out in India;

(zk) "over trading" in relation to a trader means the amount exceeding the value of the agricultural produce purchased at any point of time with regard to the amount of security deposited with or the bank guarantee he has furnished to the Market Committee;

(zl) "person" includes individual, a co-operative society, Hindu Undivided Family, a company or firm or processor or an association or a body of individuals, whether incorporated or not;

(zm) "petty trader" in relation to agricultural produce means a non licensee trader, who carries on purchasing or selling of agricultural produce in the quantity not exceeding of such quantity as may be prescribed;

(zn) "place" shall include any structure, enclosure, open space, locality, street including warehouse, silos, pack house, cleaning, grading, packing and processing unit etc.;

(zo) "prescribed" means prescribed by rules, regulations and bye-laws made under this Ordinance;

(zp) "principal market yard" means an enclosure, building or locality declared to be a principal market yard in the delineated market area by way of notification by the State Government;

(zq) "private market yard" means a market yard notified under section 7;

(zr) "processor" in relation to agriculture produce means a person, who undertakes processing of any agricultural produce on his own accord or on payment of a charge;

(zs) "processing unit" means a site where any one or more a series of treatments relating to cleaning, ripening, powdering, crushing, decorticating, de-husking, parboiling, polishing, ginning , pressing, curing or any other manual, mechanical, chemical or physical treatment to which raw agricultural produce or its product is subjected to;

(zt) "registration" means registration made under this Ordinance;

(zu) "regulation" means regulation made by the Board under section 106;

(zv) "retail sale" in relation to an agricultural produce means a sale not exceeding such quantity as may be specified under this Ordinance and rules made thereunder;

(zw) "Revolving Marketing Development Fund" means a non-lapsable fund maintained by the Director under section 86;

(zx) "rules" means rules made under this Ordinance;

(zy) "SCHEDULE" means THE SCHEDULE appended to this Ordinance;

(zz) "section" means section of this Ordinance;

(zza) "seller" means a person who sells or agrees to sell agricultural produce for consideration of price;

(zzb) "silo" means silo declared as sub-market yard under section 11;

(zzc) "special commodity market yard" means a market yard as notified under section 8;

(zzd) "State" means the State of Himachal Pradesh;

(zze) "sub-market yard" means warehouse, silos, cold storage, aggregation-centre, collection-centre, cold-atmospheric storage or other such structure or place declared to be sub-market yard under section 11;

(zzf) "trader" means a person who buys agricultural produce either for himself or as an agent of one or more persons for the purpose of selling, processing, manufacturing or for any other purpose, as the case may be, except for the purpose of domestic consumption;

(zzg) "year" means the financial year;

(zzh) "warehouse" means any building, structure or other protected enclosure which is or may be used for the purpose of storage of agricultural produce declared as sub-market yard under section 11; and

(zzi) "wholesale adhoc buyer" means a buyer registered under section 59;

CHAPTER-II
ESTABLISHMENT OF MARKETS

3. Notification of intention of regulating marketing of specified agricultural produce. —(1) The Government on its own or on the representation made by the growers or on the recommendation of the Board may, subject to the condition of previous publication, by notification in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh, declare its intention of regulating the marketing of such agricultural produce in the State, as may be specified in the notification.

(2) The Government may in consultation with the Panchayati Raj Institutions (PRIs) and other stakeholders, who own and operate rural periodical markets or haats or any other such markets for marketing of agricultural produce within their jurisdictional area, to bring such markets under the regulation of this Ordinance, so as to develop these markets to efficiently function as marketing platform nearest to the farm gate.

4. Declaration of whole State as one unified market area.—Subject to the notification made under section 3 and after previous publication, the Government may declare the whole State as one unified market area specified in the said notification for the purpose of regulation of marketing of all or any of the kinds of agricultural produce.

Explanation.—The area so declared shall be a single unified market area for the whole State for regulation of marketing of agricultural produce.

5. Notification of delineated market area.—Subject to the provisions of sections 3 and 4, the Government may, by notification, delineate any geographical area for a Market Committee as a delineated market area for the purpose of nomination or appointment or election of the members of such Market Committee and undertaking developmental activities therein.

6. Alteration, amalgamation of delineated market area. —Subject to the provisions specified in section 3 and section 5, the Government may, at any time by notification, exclude from any delineated market area, any area or include therein an additional area or split one delineated market area in two or more such areas or amalgamate two or more such areas in one delineated market area, or may exclude any agricultural produce from regulation or include any agricultural produce, hitherto not regulated, for regulation under this Ordinance.

7. Market yard, private market yard, private sub market yard, farmer-consumer market yard, private farmer-consumer market yard and e-trading platform.—(1) In the State, there may be,-

(a) market yard(s) managed by the Market Committee;

(b) private market yard(s) managed by a person, holding a license under this Ordinance;

(c) private sub-maket yard managed by a person holding a license under this Ordinance;

(d) farmer-consumer market yard(s) managed by the Market Committee;

(e) private farmer-consumer market yard managed by a person holding a license under this Ordinance; and

(f) e-trading platforms.

(2) The Government shall, as soon as possible after the issue of notification under sections 3, 4 and 5 of this Ordinance, by a notification, declare any place in the delineated market area as market yard or farmer-consumer market yard, as the case may be, managed by a Market Committee, for the purpose of regulation of marketing of agricultural produce expressly or impliedly in physical, electronic or other such mode.

(3) The Government may, by notification, declare a place, licensed under section 55, to be private market yard, private farmer-consumer market yard, as the case may be, for marketing of agricultural produce.

8. Establishment and notification of special commodity market yard.—The Government may designate any market yard or farmer-consumer market yard established under section 7 as special commodity market yard or establish and notify any market yard as special commodity market yard after consideration of aspects such as throughput of particular agriculture produce and special infrastructure requirements therefor, which may includes,-

(a) fruits and vegetables market, flowers markets, grain market, apple market, orange market and other such market;

(b) medicinal and aromatic plants market;

(c) livestock market including cattle market, fish market, poultry market and other such market; or

(d) any other such markets.

9. Establishment of private market yard.—(1) Subject to such conditions and such fee as may be prescribed, the Director or the officer authorized by him may grant a license to a person to establish a private market yard for trading of agricultural produce.

(2) The private market yard licensee, or its management committee, by whatever name it is called, may register commission agents and other market functionaries to operate in the licensed private market yard.

(3) The private market yard licensee, or its management committee, may collect user charges on agricultural produce transacted in the private market yard, at the rate not exceeding the rate as notified by the Government:

Provided that no user charge shall be collected from agriculturist-seller.

(4) The private market yard licensee shall contribute of such user charge collection and registration fee, to the Revolving Marketing Development Fund at the rate in percentage at par with Market Committee.

(5) The private market licensee shall formulate a Standard Operating Procedure (SOP) for conduct of business to be approved by the Director in the manner as may be prescribed; and activities ancillary thereto in the licensed private market yard.

10. Establishment of farmer- consumer market yard.—(1) Subject to such conditions and fee, as may be prescribed, the Director or the officer authorized by him may grant license to a person to establish farmer-consumer market yard for marketing of specified agricultural produce in retail.

(2) Such farmer-consumer market yard may be established by a person by developing infrastructure, as may be prescribed, and at a place accessible to both farmer(s) and consumer(s):

Provided that the consumer shall not purchase more than such quantity of agriculture produce at a time in this market, as may be prescribed.

(3) The farmer-consumer market yard licensee may collect the user charge on the sale of agriculture produce from the seller in a manner as may be prescribed:

Provided that Government in public interest may from time to time, by notification, put ceiling on the rate of collection of user charge.

11. Declaration of sub- market yard.—(1) Save as otherwise provided in this Ordinance, the Government may, by notification declare warehouse, silos, cold storage (CS), cold atmospheric (CA) storage, collection centre, aggregation centre, or other such structure or place with infrastructure and facilities as may be prescribed, to function as sub-market yard.

(2) The owner of such warehouse, silos, cold storage, cold atmospheric (CA) storage, collection centre or other such structure or place, as the case may be, desirous to declare such place as sub-market yard under sub-section (1), shall apply to the Director or an officer authorized by him, in such form and in such manner and such fee; and also for such period, but not less than five years, as may be prescribed.

(3) The licensee of such warehouse, silo, cold Storage, cold atmospheric (CA) storage, collection centre or other such structure or place, may collect user charge on agricultural produce transacted at the declared private sub-market yard, not exceeding the rate as notified by the Government:

Provided that no user charge shall be collected from agriculturist-seller.

(4) A licensee of such sub-market yard shall contribute user charge collection to the Revolving Marketing Development Fund at the rate in percentage at par with Market Committee.

12. Direct marketing.— (1) Aggregation centres in the proximity of the production areas may be set up by a person with infrastructure in the manner as may be prescribed, for marketing of agricultural produce. Such person shall make an application for obtaining license in accordance with the provisions of section 57.

(2) Notwithstanding anything contained under sub-section (1), direct wholesale purchase may also be carried out outside the market yard, private market yard by declaring the place of such purchase, without establishment of any permanent aggregation centre in the manner as may be prescribed.

